Binod Ranjan Prasad
NOTARY
HAZARIBAG (JHARKHAND)

माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण,पूर्वी क्षेत्र पीठ के समक्ष,

(कोलकाता)

मूल आवेदन संख्या - 107/2025

(पूर्व मूल आवेदन संख्या 206/2025 मुख्य बेंच, नई दिल्ली) के मामले में:

मंटू सोनी..आवेदक

बनाम

झारखंड राज्य एवं अन्य..............प्रतिवादी

<u>अनुलग्नक</u>

Sl. No	Particular	enclose	Page No.
1.	प्रतिवादी 03,04 एवं 06 का	प्रतिउत्तर	1-43
2.	अनुलग्नक 01,	विधानसभा,झारखंड जवाब	44
3.	अनुलग्नक 01 A	office memorandum (EC)	45
4.	अनुलग्नक 01B	सड़क मार्ग से परिवहन का अभिलेख उपलब्ध नहीं से सम्बंधित सूचना	46
5.	प्रतिवादी का 01C	F.C शर्त 9 उल्लंघन रिपोर्ट	47-58
6.	अनुलग्नक 01D.	अंतरिम जांच रिपोर्ट	59-61
7.	अनुलग्नक 02,	क्षेत्र में वन्य जीवों की सूची।	62-68
8.	अनुलग्नक 02A	वन मंजूरी स्टेज 2 (FC)	69-71
9.	अनुलग्नक 02B	पर्यावरणीय मंजूरी (EC)	72-77
10.	अनुलग्नक 03	सुप्रीम कोर्ट आदेश C.A 6249/2021	78-79
11.	अनुलग्नक 03 A	सुप्रीम कोर्ट आदेश miscellaneous application No 1824/2023	80-84

मन्टु सोनी उर्फ़ रवि नाथ

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

12.	अनुलग्नक 03B	पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) 10 वीं संशोधन	85-94
13.	अनुलग्नक 04	वन्य जीव प्रबंधन प्रतिवादी 04 संदर्भ में रिपोर्ट	95
14.	अनुलग्नक 05	एनटीपीसी ट्रांसपोर्टेशन/ओबी से मौत का पेपर कटिंग	96-98
15.	अनुलग्नक 05	वन्य जीव नुकसान का आंकड़ा	99
16.	अनुलग्नक 07	वन्य जीवों के कारण जान माल,फसल,अनाज नुकसान और दिया गया मुआवजा विवरण	100-103
17.	अनुलग्नक 08	क्षेत्र में संचालित परियोजनों द्वारा वन्य जीव पर प्रबंधन की स्थिति रिपोर्ट	104
18.	अनुलग्नक 09	प्रतिवादी 04 द्वारा FC उल्लंघन रिपोर्ट	105-106
19.	अनुलग्नक 10.	प्रतिवादी 04 द्वारा EC शर्त उल्लंघन रिपोर्ट	107-109
20.	अनुलग्नक 11	प्रतिवादी 3 द्वारा गलत रिपोर्ट बनाने पर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड का रिपोर्ट	110-116

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No. 398/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

Binod Ranjan Prasad
NOTARY
HAZARIBAG (JHARKHAND)

माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण,पूर्वी क्षेत्र पीठ के समक्ष, (कोलकाता)

मूल आवेदन संख्या - 107/2025

(पूर्व मूल आवेदन संख्या 200/2025 मुख्य बैंच, नई दिल्ली) के मामले में:

मंटू सोनी..आवेदक

बनाम

झारखंड राज्य एवं अन्य..............प्रतिवादी

आवेदक के द्वारा माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण (कोलकाता) मूल आवेदन संख्या 107/2025 के प्रतिवादी 03 प्रधान मुख्य वन संरक्षक,झारखंड,रांची,प्रतिवादी 04 NTPC Ltd. PAKRI BARWADIH COAL MINING PROJECT एवं प्रतिवादी संख्या, 06 मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, झारखंड के उत्तर का संयुक्त प्रतिउत्तर.

1. यह कि माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष आवेदक मंटू सोनी उर्फ शनि कांत,पिता श्री राजेश कुमार बड़कागांव,जिला हजारीबाग (झारखंड) पिन कोड - 825311 द्वारा किया गया है । जो संविधान के अनुच्छेद 51 (A) (g) के तहत आवेदक का अधिकार/कर्तव्य है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत पत्र/याचिका दिनांक 23.01.2025 के द्वारा उपरोक्त मूल आवेदन दाखिल किया गया था । माननीय प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने दिनांक 08.05.2025 के आदेश के माध्यम से मामले में नोटिस जारी करने के बाद माननीय न्यायाधिकरण की पूर्वी क्षेत्रीय पीठ, कोलकाता को स्थानांतरण किए जाने के बाद प्रतिवादी संख्या 04 NTPC Ltd.PAKRI BARWADIH COAL MINING PROJECT ने दिनांक 14.07.2025 को हलफनामा दायर दिया एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण पूर्वी क्षेत्रीय पीठ के दिनांक 17.07.2025 के आदेश के आलोक में

प्रतिवादी संख्या 03 प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड एवं प्रतिवादी संख्या 06 , वन्य जीव प्रतिपालक,रांची झारखंड के द्वारा दिनांक 22.07.2025 को माननीय न्यायालय में हलफनामा दायर किया गया था। इसके उपरांत माननीय न्यायाधिकरण के दिनांक 24.07.2025 के आदेश के आलोक में क्षमा सहित प्रतिउत्तर दे रहा हूं.

2. यह कि आवेदक द्वारा प्रतिवादियों के विरुद्ध माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष भारत सरकार (MOEF & Cc) द्वारा FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 जिसके कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का अनिवार्य शर्त था,(किसी प्रकार के सड़क मार्ग एवं कन्वेयर संचालन/भार क्षमता/पैमाना का जिक्र नहीं, जिससे प्रयोक्ता अभिकरण को सड़क मार्ग से कोयला परिवहन की अनुमति लिए जाने का प्रावधान का जिक्र नहीं) ,का उल्लंघन पश्चिमी वन प्रमण्डल हज़ारीबारा के अधिकारियों की मिलीभगत और निजी लाभ प्राप्त कर उक्त शर्त का उल्लंघन कर सड़क मार्ग से बाणादाग तक एनटीपीसी द्वारा कंवेयर सिस्टम और सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किए जाने एवं सड़क मार्ग से कोयला परिवहन को लेकर अब तक दर्जनों आम नागरिकों की मौत एवं अति संरक्षित,संरक्षित एवं सामान्य वन्य जीवों का संतुलन एवं आवागमन प्रभावित होने वन्य जीव भटक कर मानवीय आबादी में घुसने के कारण मानव जीवन के जान माल, कृषि को नुकसान को लेकर आवेदन दिया गया था।

3. यह कि आवेदक द्वारा प्रतिवादियों के विरुद्ध माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष प्रतिवादियों द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के आधार पर माननीय सुप्रीम कोर्ट से शर्तों में छूट/संशोधन का आदेश लेकर तथा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) हेतु दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को जारी OFFICE MEMORENDAM का दुरुपयोग/गलत व्याख्या कर FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का उल्लंघन किया/करवाए जाने का उल्लेख किया था। जबकि FOREST CLEARANCE और ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) दो

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 396/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

अलग-अलग विषय/कानून है,और दोनों डिवीजन के अलग-अलग मानकों के अनुसार शर्तों का पालन करना अनिवार्य किए जाने का उल्लेख किया गया था।

4. यह कि आवेदक द्वारा प्रतिवादियों के विरुद्ध माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष दिनांक 17 अगस्त 2024 को मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार एवं मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार को 12 अगस्त 2024 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड को शिकायत किए जाने के बाद वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन (वन संरक्षण प्रभाग) भारत सरकार, नई दिल्ली के श्री सुनित भारद्वाज के पत्र दिनांक 08/09/2024 के आलोक में प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री जलज कुमार के द्वारा दिनांक 07/10/2024 को प्रतिवादी 06 प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड से शिकायत के विषयवस्तु पर जांचोपरांत यथाशीघ्र अवगत कराने का निर्देश दिया गया था। एवं उसी पत्र में पूर्व में आवेदक के शिकायत पर विभागीय पत्रांक 1174, दिनांक 29/03/2023, विभागीय पत्रांक-2043 दिनांक 02/06/2023, विभागीय पत्रांक 2661 दिनांक 14/07/2023, पत्रांक 251 दिनांक- 25/01/2024, विभागीय पत्रांक 835 दिनांक 11/03/2024 एवं पत्रांक 3615 दिनांक 06/08/2024 एवं दिनांक 07/10/2024 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड को एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए भारत सरकार द्वारा FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-IFC के शर्त संख्या 9 का उल्लंघन के संबंध में जांच प्रतिवेदन का मांग किए जाने का जिक्र किया गया था ।

प्रतिवादी 03, 04 एवं 06 ने आपसी तालमेल कर माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण(कोलकाता) से न्याय को प्रभावित करने एवं गुमराह करने के लिए तथ्यों को छुपाया,झूठा हलफनामा दायर किया और प्रतिवादी 01 और 05 के द्वारा हलफनामा दायर नहीं किया गया है।

NOTARY R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

5. प्रतिवादी 03 एवं 04 द्वारा एक ही विषय पर अलग अलग और विरोधाभाषी तथ्य पेश किया जाता है :- यह कि प्रतिवादी संख्या 03 एवं 06 के तरफ से वन प्रमंडल पदाधिकारी,पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग श्री मौन प्रकाश एवं प्रतिवादी संख्या 04 की तरफ से AGM श्री बीरेंद्र कुमार ने माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में दायर हलफनामा में कहा है कि,उनके द्वारा प्राप्त जानकारी एवं न्यायहित में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर उनकी जानकारी में शपथपत्र दायर किया जा रहा है। परंतु उनके द्वारा जानबूझकर निजी लाभ के लिए **(विवरण/कारण कंडिका 22A,22B में वर्णित)** न्याय को प्रभावित करने एवं माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह एवं भ्रमित करने के लिए तथ्यों को छुपाया गया है और अपनी सुविधानुसार तथ्यों को छुपाते हुए हलफनामा दायर किया गया है। इसके पूर्व भी उनके द्वारा दायर वाद में उठाए विषयों के संदर्भ में **माननीय विधानसभा झारखंड एवं सूचनाधिकार में अलग- अलग तथ्य प्रस्तुत किया गया है । जिसे माननीय न्यायाधिकरण से छुपाते हुए न्याय को प्रभावित करने के लिए भिन्न और विरोधाभाषी तथ्य प्रस्तुत कर हलफनामा दायर किया गया है**,प्रतिवादी 01 एवं 05 द्वारा हलफनामा दायर नहीं किया गया है ।

6. **प्रतिवादी 03 एवं 04 ने माननीय विधानसभा झारखंड को दिया झूठा जवाब जिसे माननीय न्यायाधिकरण से भी छुपाया :-** यह कि तत्कालीन माननीय विधायक श्री लोबिन हेंब्रम द्वारा झारखंड विधानसभा में तारांकित प्रश्न संख्या 2 में यह पूछा गया था कि "क्या यह बात सही है कि Forest clearance के शर्तों का उल्लंघन कर कन्वेयर बेल्ट बन जाने के बाद भी सड़क मार्ग से कोयला ढुलाई के लिए वन विभाग एनटीपीसी को Transit permit अभी तक जारी करते आ रही है के सवाल पर वन विभाग की तरफ से प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी से

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 395/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

पूछकर विधानसभा झारखंड में यह जवाब दिया गया कि "मुख्य महाप्रबंधक, पंकरी बरवाडीह एनटीपीसी लिमिटेड ने (प्रतिवादी 04) अपने पत्रांक 23 दिनांक 10 फरवरी 2023 से सूचित किया है कि विभिन्न कारणों जैसे भूमि अधिग्रहण एवं स्थानीय विधि व्यवस्था के चलते अभी तक कन्वेयर बेल्ट पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं हो पाया है, फलस्वरुप उनके द्वारा भारत सरकार, पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापांक दिनांक 27/29. 10. 2020 के प्रावधान (जो EC के लिए मान्य था,FC के लिए नहीं जिसका विवरण अगले कंडिका में वर्णित) के आलोक में तत्काल सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किया जा रहा है । उपरोक्त परिपेक्ष्य में trasit permit निर्गत किया जा रहा है "

- उपरोक्त जवाब से प्रतिवादी 03 एवं प्रतिवादी 04 द्वारा माननीय झारखंड विधानसभा को कन्वेयर सिस्टम के पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं होने की बिना दस्तावेज टेक्निकल रिपोर्ट के गलत और भ्रामक जानकारी दी गई थी।
- क्योंकि FC शर्त संख्या 9 में कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का शर्त दिया गया था,उसमें कन्वेयर कार्यरत होने या नहीं होने,एवं इसका पैमाना आदि का कोई उल्लेख नहीं किया किया गया था। जिससे उसे सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने की छूट प्रदान किया जाता ।
- विधानसभा झारखंड में पूछे गए सवाल का जवाब प्रतिवादी 03 को विभागीय अभिलेख के अनुसार देना चाहिए था ।लेकिन उनके द्वारा प्रतिवादी 04 से पूछकर विधानसभा में जवाब भेजा गया।
- उपरोक्त से यह साबित होता है प्रतिवादी 03 और प्रतिवादी 04 में निजी स्वार्थ लिए आपस में गहरी सांठगांठ है । **(विवरण/कारण कंडिका 22A,22B में वर्णित)** दोनों प्रतिवादियों के द्वारा विधानसभा झारखंड में पूरी तरह से झूठा जवाब दिया गया था।
- उल्लेखनीय है कि उपरोक्त दिया गया जवाब/अभिलेख को माननीय न्यायाधिकरण कोलकाता को अपने हलफनामा में छुपाते हुए पेश नहीं किया गया है। प्रतिवादियों के आपसी सांठगांठ से हलफनामा दायर कर तथ्यों को छुपाते हुए गलत और भ्रामक जवाब दिया गया है

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- प्रतिवादी 03 ने प्रतिवादी 04 से पूछकर जो जवाब विधानसभा झारखंड में दिया उस दौरान माननीय सुप्रीम कोर्ट के त्रिपुरारी सिंह एवं अन्य मामले में सिविल अपील नंबर C.A 6249/2021 पर दिनांक 08.08.2022 के आदेश में अक्टूबर 2023 तक या उससे पहले कन्वेयर कंस्ट्रक्शन पूर्ण करने का दिया गया आदेश प्रभावी था। (कंडिका 17,अनुलग्नक 03) लेकिन उक्त आदेश को दोनों प्रतिवादियों ने जानबूझकर विधानसभा झारखंड में प्रस्तुत नहीं किया ।

(अनुलग्नक - 01)

6.A) दस्तावेजों का गलत व्याख्या कर FC शर्त 09 के उल्लंघन का बचाव विधानसभा झारखंड में सिर्फ EC के लिए मान्य 0FFICE MEMORANDUM से किया:- यह कि (कंडिका 06,अनुलग्नक 01) से यह स्पष्ट होता है कि माननीय विधानसभा झारखंड में पूछे गए सवाल का जवाब प्रतिवादी 03 द्वारा सरकारी अभिलेखों से नहीं देकर प्रतिवादी 04 से पूछकर दिया गया था । माननीय विधायक लोबिन हेंब्रम द्वारा सवाल FOREST CLEARANCE (FC) के उल्लंघन को लेकर पूछा गया था और उसका जवाब सिर्फ ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के लिए मान्य 0FFICE MEMORANDUM का हवाला देकर दिया गया । विधानसभा को दिए जवाब में भारत सरकार के पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापांक दिनांक 27/29. 10. 2020 के 0FFICE MEMORANDUM को आधार बनाते हुए सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किए जाने को बताया गया था । जबकि उसी अधिसूचना के कंडिका 4 में यह स्पष्ट किया गया था कि यह अधिसूचना सिर्फ ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के लिए ही मान्य होगा। उपरोक्त तथ्य/साक्ष्य से प्रमाणित होता है कि निजी लाभ के लिए (विवरण/कारण कंडिका 22A,22B में वर्णित) प्रतिवादी 03 और 04 ने माननीय विधासभा झारखंड में दस्तावेजों का गलत व्याख्या करते हुए झूठा,गलत और भ्रामक जवाब दिया गया था।

(अनुलग्नक- 01 A)

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
398/2010
GOVT. OF JHARKHAND

7. **प्रतिवादी 03 ने सूचनाधिकार के तहत जवाब में बताया कन्वेयर सिस्टम बन जाने के बाद सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने/नहीं करने संबंधी अभिलेख कार्यालय में नहीं है :-** यह कि आवेदक मंटू सोनी उर्फ शनि कांत द्वारा सूचनाधिकार अधिनियम 2005 के तहत दिनांक 07/10/2022 को पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग कार्यालय में पूछे गए सूचना संख्या 3 जिसमें "एनटीपीसी (प्रतिवादी 04) के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बाणादाग़ रेलवे साइडिंग तक कन्वेयर बेल्ट से कोयला परिवहन चालू होने के बाद एनटीपीसी को सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का परिवहन/वन विभाग का विभागीय आदेश निर्गत है,तो उसकी शर्तों के साथ विभागीय आदेश कॉपी का विवरण उपलब्ध कराया जाए" के जवाब में दिनांक 02/11/2022 को कहा गया था कि "एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बाणादाग़ रेलवे साइडिंग तक कन्वेयर बेल्ट से कोयला परिवहन चालू होने के बाद सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने/नहीं करने से संबंधी कोई अभिलेख इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है"। उपरोक्त जवाब माननीय न्यायाधिकरण को न्याय प्रभावित एवं गुमराह करते हुए पद का दुरुपयोग करते हुए प्रतिवादी संख्या 03 ने अपने हलफनामा में छुपा लिया है।

- उक्त सूचना के आधार पर दिनांक 02/11/2022 तक कन्वेयर सिस्टम बन जाने के बाद सड़क मार्ग से कोयला परिवहन/नहीं करने का कोई अभिलेख प्रतिवादी 03 के पास नहीं था, तो वर्तमान में माननीय न्यायाधिकरण में प्रतिवादी ने सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किए जाने से सम्बंधित अपने हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 में जो अभिलेख/पक्ष दिया है, वह कब और किस माध्यम से प्राप्त हुआ ? FC शर्त 9 के उल्लंघन के मामले में इस अभिलेख को भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा प्रतिवादी 03 से बार बार जांच प्रतिवेदन मांगे जाने के बाद क्यों उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसका विवरण निम्नवत है।
- माननीय न्यायाधिकरण में प्रतिवादी 03 ने अपने हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 में जो अभिलेख/पक्ष/तर्क दिया है। आवेदक द्वारा FC शर्त 9 के उल्लंघन से संबंधित शिकायत पर वन पर्यावरण एवं

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

जलवायु परिवर्तन (वन संरक्षण प्रभाग) भारत सरकार, नई दिल्ली के श्री सुनित भारद्वाज के पत्र दिनांक 08/09/2024 के आलोक में प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री जलज कुमार के द्वारा दिनांक 07/10/2024 से पूछे गए जांच प्रतिवेदन को (प्रतिवादी 03) प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड से शिकायत के विषयवस्तु पर जांचोपरांत यथाशीघ्र अवगत कराने का निर्देश दिया गया था। उक्त पत्र का जवाब भारत सरकार को अब तक नहीं दिया गया है।

- उक्त पत्र में ही आवेदक द्वारा पूर्व में किए गए शिकायत पर विभागीय पत्रांक 1174,दिनांक 29/03/2023,विभागीय पत्र -2043 दिनांक 02/06/2023, विभागीय पत्रांक 2661 दिनांक 14/07/2023, पत्रांक 251 दिनांक- 25/01/2024, विभागीय पत्रांक 835 दिनांक 11/03/2024 एवं पत्रांक 3615 दिनांक 06/08/2024 एवं दिनांक 07/10/2024 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक,झारखंड प्रतिवादी 03 ने झारखंड सरकार और भारत सरकार को **निजी लाभ के लिए उपलब्ध नहीं कराया।**
- उपरोक्त पत्राचार को आवेदक ने याचिका के मूल आवेदन के (ANNEXURE 3) में अनुलग्नक के रूप में वर्णित किया है।

(अनुलग्नक 01 B)

8. प्रतिवादी 02 के स्थल निरीक्षण में FC शर्त 9 के उल्लंघन की हुई पुष्टि :- यह कि प्रतिवादी 02 भारत सरकार के पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय हरमू,रांची के पत्रांक- 717 दिनांक 25/11/2022 को श्री चरणजीत सिंह वैज्ञानिक ' डी' (FC Division) (MOEF &Cc) भारत सरकार को भेजी गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट के पेज नंबर 6 में यह उल्लेखित है कि प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी कन्वेयर सिस्टम के साथ- साथ सड़क मार्ग से भी कोयला परिवहन कर रहा है। जो FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का आंशिक उल्लंघन करता है। इस रिपोर्ट को भी सभी प्रतिवादियों ने माननीय न्यायाधिकरण से छुपाते हुए अपने हलफनामा में नहीं बताया है।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

इससे भी प्रमाणित होता है कि प्रतिवादियों ने माननीय न्यायाधिकरण को न्याय से गुमराह करने के लिए निजी स्वार्थ में पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ के लिए अपने हलफनामा में जिक्र नहीं किया ।(विवरण/कारण कंडिका 22A,22B में वर्णित)

- इससे यह पुष्टि होता है कि दिनांक 25.11.2022 के पूर्व कन्वेयर सिस्टम चालू हो गया था और प्रतिवादी 04 के द्वारा FC शर्त संख्या 9 का उल्लंघन किया जाता रहा । जिसपर अन्य प्रतिवादियों ने निजी लाभ के पूर्ति के लिए अब कोई कार्रवाई नहीं किया और माननीय न्यायाधिकरण में प्रतिवादी 03 ने अपने हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 में जो अभिलेख/पक्ष/तर्क दिया है वह न्याय को प्रभावित करने के लिए गलत और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किया है।

(अनुलग्नक 01 C)

9. प्रतिवादी 03 के दो सदस्यीय जांच रिपोर्ट में FC शर्त 09 के उल्लंघन कि हुई पुष्टि,पांच महीने तक दबाया,माननीय न्यायाधिकरण से भी छुपाया:- यह कि आवेदक के द्वारा FOREST CLEARANCE के शर्त संख्या 9 का उल्लंघन के मामले में शिकायत के आलोक में वन संरक्षक,प्रादेशिक अंचल हजारीबाग के पत्रांक - 1892 दिनांक 29/11/2024 को दो सदस्यीय जांच कमिटी का गठन किया गया था। जांच कमिटी ने दिनांक - 27/02/2025 को वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल,हजारीबाग को अंतरिम जांच प्रतिवेदन सौंप दिया था। जांच टीम ने अपने मंतव्य में लिखा कि, प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का निर्ममता से उल्लंघन कर रही है। वन्य जीवों के आवागमन (विशेषकर हाथी) बाधित नही होने के जिस मूल उद्देश्य से यह शर्त लगाया गया था, उसका उल्लंघन अब तक किया जा रहा है। जिसके कारण वन्य जीवों (विशेषकर हाथी) का आवागमन बाधित हुआ और वन्य जीव भटक कर मानवीय आबादी वाले इलाकों में आकर आम नागरिकों के जानमाल/कृषि का नुकसान कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों पहले बाणादाग रेलवे साइडिंग व हज़ारीबाग़ शहर के नजदीक खिरगांव तक हाथी भटक कर आ गए थे। सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन के कारण दुर्घटनाओं में अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ वनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह बात

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND

Scanned by Scanner Go

सत्य है कि एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के शर्त में संशोधन लेकर सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कर रहा है। जिसका FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 से कोई संबंध नहीं है। ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) और FOREST CLEARANCE दो अलग-अलग पार्ट है। दोनों के द्वारा लगाई गई शर्तो का मानक और उद्देश्य अलग-अलग होता है।लेकिन प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के शर्तो में संशोधन लेकर FOREST CLEARANCE के शर्तो का अनुपालन नहीं कर रहा है। परिवादी मंटु सोनी उर्फ शनि कांत को जन सूचना पदाधिकारी द्वारा उचित सूचना भी उपलब्ध नही कराया गया है। इसलिए भवदीय से FOREST CLEARANCE स्टेज 2. F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का अनुपालन सख्ती से करवाने की अनुसंशा जांच कमिटी द्वारा किया जाता है। उक्त शर्त के पालन की जिम्मेवारी वन विभाग का कर्तव्य/दायित्व होता है। इसका उल्लंघन FOREST CONSERVATION ACT 1980 एवं WILD LIFE PROTECTION ACT 1972 के तहत आता है।

- उपरोक्त जांच प्रतिवेदन 27.02.2025 को दे दी गई थी।लेकिन प्रतिवादी संख्या 03 ने माननीय न्यायाधिकरण में दिनांक 22.07.2025 के हलफनामा में छुपाते हुए उपलब्ध नहीं कराया है।
- प्रबल आशंका है कि उक्त रिपोर्ट को प्रतिवादी 04 से सांठगांठ कर निजी लाभ के लिए साजिश के तहत दबाया गया था और उसे माननीय न्यायाधिकरण से जानबूझकर छुपाया गया और इस रिपोर्ट को दबाने,छिपाने के लिए प्रतिवादी 03 द्वारा कोई भी प्रयत्न/साजिश किया जा सकता है।जिसकी सूचना आवेदक द्वारा झारखंड सरकार को पूर्व में दिया जा चुका है। जिसकी प्रतिलिपि माननीय न्यायाधिकरण को भी दिया गया था।
- उपरोक्त रिपोर्ट प्रतिवादी 03 के लिए हलफनामा दायर करने वाले पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री मौन प्रकाश के खिलाफ के विरुद्ध शिकायत में जांच की पुष्टि हुई थी। इसलिए जानबूझकर उनके द्वारा अपने हलगनामा में उक्त रिपोर्ट को नहीं दिया और

मन्टु सोनी उर्फ शनिकांत

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No. 398/2010
U.T. OF JHARKHAND (INDIA)

हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 में जो अभिलेख/पक्ष/तर्क दिया वह भिन्न और गलत है।

(अनुलग्नक 01 D)

10..माननीय न्यायाधिकरण में गलत,भ्रामक और झूठा हलफनामा दायर किया गया :- यह कि (कंडिका 6 से 09 अनुलग्नक 1 से 1D तक) को प्रतिवादी संख्या 03,04 एवं 06 ने उपरोक्त तथ्यों, महत्वपूर्ण साक्ष्यों को माननीय न्यायाधिकरण में दायर अपने हलफनामा में कहीं भी जिक्र नहीं किया है । जो उनके अधीन आधिकारिक विभागीय दस्तावेज में था। यह उनके कपटपूर्ण मानसिकता से FC शर्त 9 के उल्लंघन का संरक्षण देने के लिए विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग जवाब/सूचना देने की भी पुष्टि करता है। और जानबूझकर पद का दुरुपयोग करते हुए कपट पूर्ण मानसिकता से निजी लाभ के लिए माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह,न्याय प्रक्रिया को भ्रमित कर प्रभावित करने के लिए भ्रामक एवं अधूरा साक्ष्य प्रतिवादियों ने अपने शपथपत्र में दिया है ।

11.यह कि MOEF &CC भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत लगाई गई शर्तो का पालन करवाने की जिम्मेवारी राज्य सरकार को होती है और **संविधान के अनुच्छेद 48 (ए)** के तहत कर्तव्य का दायित्व भी राज्य सरकार को है। परंतु प्रतिवादी 03 वन विभाग और प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा EC शर्त संशोधन लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दिनांक 17.09.2010 को FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का उल्लंघन किया/करवाया जा रहा है । इसके लिए निजी लाभ प्राप्त करने हेतु उक्त FC शर्त 9 का उल्लंघन के बचाव के लिए विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग तथ्यों पर आधारित सूचना/जवाब दिया जाता रहा है। जो प्रतिवादियों के गलत मानसिकता और भूमिका को प्रदर्शित करता है।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 193/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

12.अदालतों में झूठा,तथ्यों को छुपाते हुए गलत और भ्रामक जवाब दिए जाने के मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश:-

यह कि (कंडिका 6 से 9,अनुलग्नक 1 से 1D तक) वर्णित तथ्यों/साक्ष्यों से यह प्रमाणित होता है कि प्रतिवादी संख्या 03,04 एवं 06 ने उपरोक्त तथ्यों, महत्वपूर्ण साक्ष्यों को माननीय न्यायाधिकरण में दायर अपने हलफनामा में कहीं भी जिक्र नहीं किया है । जिसे जान बूझकर आपसी सांठगांठ कर निजी फायदे के लिए छुपाया गया । इस तरह से सम्बंधित मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने SUO-MOTU CONTEMPT PETITION (CIVIL) NO.3 OF 2021 के दिनांक 11.07.2022 के आदेश में यह कहा है कि.

The Supreme Court observed that the tendering of affidavits and undertakings containing false statement would amount to contempt of court. A person who makes a false statement before the Court and makes an attempt to deceive the Court, interferes with the administration of justice and is guilty of contempt of Court, the bench comprising Justices UU Lalit and PS Narasimha observed.

While considering this case, the court noticed an earlier decision on the question whether tendering of affidavits and undertakings containing false statement would amount to criminal contempt or not Referring to ABCD v. Union of India, the court said:

"It is thus well settled that a person who makes a false statement before the Court and makes an attempt to deceive the Court, interferes with the administration of justice and is guilty of contempt of Court. The extracted portion above clearly shows that in such circumstances, the Court not only has the inherent power but it would be failing in its duty if the alleged contemnor is not dealt with in contempt jurisdiction for abusing the process of the Court."

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार विभिन्न मामलों में माना है कि झूठा हलफनामा दाखिल करना और भौतिक तथ्यों को छिपाना न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप है और इस प्रकार यह न्यायालय की आपराधिक अवमानना है,
- प्रतिवादियों द्वारा दायर हलफनामा न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971 का उल्लंघन के अंतर्गत भी आता है।
- प्रतिवादियों का यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 229 एवं 236 का भी उल्लंघन करने के दायरे में आता है।

प्रतिवादियों द्वारा माननीय न्यायाधिकरण में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) **के शर्त में संशोधन के तथ्यों को छुपाकर वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का उल्लंघन करने एवं अपने बचाव करने के लिए प्रतिवादियों द्वारा माननीय एन.जी.टी को गुमराह किया गया है ।**

13.परियोजना अंतर्गत क्षेत्र में वन्य जीवों का घनत्व :- यह कि हजारीबाग वन परिक्षेत्र अंतर्गत शेड्यूल एक के वन्य जीव जो अति संरक्षित श्रेणी (लुप्त प्राय श्रेणी) में आते हैं, शेड्यूल दो जो संरक्षित श्रेणी में आते हैं एवं शेड्यूल तीन एवं चार कैटगरी के वन्य जीवों का घनत्व है। वन्य जीवों के सुगम आवागमन एवं संरक्षण के लिए ही प्रतिवादी 04 को FOREST CLEARANCE के शर्त संख्या 09 में कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का अनिवार्य शर्त लगाया गया था। इस प्रकार उक्त शर्त में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 भी लागू होता है। वन्य जीवों की सूची संलग्न है।

(अनुलग्नक:- 02)

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
398/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

14.वन अधिनियम 1980 के तहत मिले वन मंजूरी की शर्ते:- यह कि झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दिनांक 17.09.2010 FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के पहले पैरा में यह उल्लेखित है कि.

I am directed to refer to the State Govt. letter no. 3/Vanl3humi-75/2009/2458/VP dated 06.08.2009 on the subject cited above seeking prior approval of the Central Government under the Forest (Conservation) Act, 1980. After careful consideration of the proposal by the Forest Advisory Committee constituted under section-3 of the said Act, in-principle approval was granted vide this Ministry's letter of even number dated 11.05.2016) subject to fulfillment of certain conditions. The State Government has furnished compliance report in respect of the conditions stipulated in the in-principle approval and has requested the Central Govemment to grant final approval.

उसके शर्त संख्या 09 जिसमें वन्य जीवों, खासकर हाथियों के सुगम आवागमन हेतु कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन किए जाने का शर्त लगाया गया था। जिसमें स्पष्ट यह उल्लेख है कि

"9.The coale evacuation will be done through high speed conveyer of 20 meter width running at n height sufficient to allow all tall wild animals including elephants.The installation of such system will be undertaken under the supervision of the CWLW of the State"

- इसमें किसी प्रकार के सड़क या कन्वेयर की लोडिंग क्षमता या सुचारू रूप से संचालन का पैमाना का जिक्र नहीं है,जिससे उसे सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने की छूट दिया जा सके ।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 39/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- उपरोक्त विवरण यह स्पष्ट करता है कि उक्त शर्त वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत है और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के भी लागू होता है क्योंकि वन्य जीवों के सुगम आवागमन के लिए कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन का शर्त दिया गया था।
- प्रतिवादी 03,06 ने उपरोक्त शर्त के उल्लंघन के बचाव में माननीय न्यायाधिकरण को दायर हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 तथा प्रतिवादी 04 ने कंडिका H में जो पक्ष /विवरण दिया है वह पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के शर्तो के अधीन है। जिसके कंडिका 5 में स्पष्ट किया हुआ है कि उक्त शर्तो में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत शर्तो के प्रभावी होने का उल्लेख नहीं है।

(अनुलग्नक:- 02 A)

15. **प्रतिवादी 03.04, एवं 06 द्वारा FC शर्त संख्या 09 के उल्लंघन में EC के शर्त संख्या 2A (ix) को गलत व्याख्या कर बचाव किया लेकिन EC के शर्त संख्या 5 को माननीय न्यायाधिकार से छुपाया गया :-** यह कि माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण (EZ) कोलकाता के वाद संख्या OA no - 107/2025 में प्रतिवादी 03 एवं 06 की ओर से वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री मौन प्रकाश पश्चिमी वन प्रमंडल,हजारीबाग के हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 एवं प्रतिवादी संख्या 04 ने अपने हलफनामा के कंडिका H में यह स्वीकार किया है कि प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा सड़क मार्ग से कोयला परिवहन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 09.05.2009 को प्राप्त हुए पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) में संशोधन लेकर किया जा रहा है जिसमें अब तक 10 वीं संशोधन लिया गया है। इसमें निम्नवत उल्लेखित है ।

- The main haul road of 6 km within the core zone shall be metalled. A 3-tier avenue plantation shall

NOTARY B. P. PRASAD HAZARIBAG GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

be developed along the main approach roads and haul roads. Mineral transportation_from.CHP to Railway siding shall be by closed belt conveyor of a length of 7km. The railway siding shall be provided with Silo Rapid Loading System.

- (किसी प्रकार के सड़क या कन्वेयर की लोडिंग क्षमता या सुचारू रूप से संचालन का पैमाना का जिक्र नहीं है, जिससे सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने की अनुमति मिल सके)
- विशेष रूप से यह भी उल्लेख करना है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 09.05.2009 को प्राप्त हुए पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के कंडिका 5 में वर्णित तथ्यों को माननीय न्यायाधिकरण में प्रतिवादियों द्वारा जानबूझकर छुपा लिया गया है । जो वर्णित है।
- The above conditions shall be governed by, among others, the provisions of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974, the Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981.
- उपरोक्त से स्पष्ट होता है कि EC के उक्त शर्त में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत लगाए गए शर्तो पर प्रभावी नहीं है और उसपर लागू नहीं होता है ।

(अनुलग्नक 02 B)

NOTARY
B. S. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
.../2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

16.यह कि कंडिका 14 एवं 15 में वर्णित विवरण से स्पष्ट होता है कि प्रतिवादी 03,04(एनटीपीसी) एवं 06 द्वारा माननीय न्यायाधिकरण को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत मिले स्टेज 2 वन मंजूरी (FC) दिनांक 17.09.2010 के शर्त 9 का उल्लंघन ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) के शर्त में संशोधन लेकर किया जा रहा है । जबकि उसी EC के कंडिका 5 में यह स्पष्ट किया हुआ है कि वह वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत मिले स्टेज 2 के शर्त संख्या 9 पर प्रभावी नहीं होता है। जिसे जानबूझकर माननीय न्यायाधिकरण से न्याय को प्रभावित करने के लिए निजी फायदे के लिए प्रतिवादियों द्वारा छुपाया गया है।

प्रतिवादी संख्या 04 एनटीपीसी के द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट को भी किया गया गुमराह और किया जा रहा है अवमानना

17.माननीय न्यायाधिकरण ने तीन महीने में प्रतिवादी 04 को दिया था कन्वेयर बेल्ट बनाने का आदेश,सुप्रीम कोर्ट से दो साल का लिया समय :- यह कि प्रतिवादी संख्या 04 एनटीपीसी को माननीय न्यायाधिकरण कोलकाता ने त्रिपुरारी सिंह बनाम रेलवे मंत्रालय 0A no 61/2019/EZ में दिनांक 06.01.2021 के आदेश में प्रयोक्ता अभिकरण को तीन महीने में कन्वेयर बेल्ट बनाने का आदेश दिया था। उक्त फैसले के विरुद्ध प्रतिवादी 04 ने माननीय सुप्रीम कोर्ट में पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE दिनांक 19.05.2009 के पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) में संशोधन लेने के लिए (जो FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 393/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 से संदर्भित नहीं है) अपील दायर किया। प्रतिवादी ने त्रिपुरारी सिंह एवं अन्य मामले में सिविल अपील नंबर C.A 6249/2021 किया। उपरोक्त अपील पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 08.08.2022 के आदेश में अक्टूबर 2023 तक या उससे पहले कन्वेयर कंस्ट्रक्शन पूर्ण करने का आदेश दिया था। इस प्रकार प्रतिवादी 04 द्वारा EC शर्त में संशोधन लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट से आदेश ले लिया और FC शर्त संख्या 09 (कंडिका 15 अनुलग्नक 02 A) जो वन्य जीवों के सुगम आवागमन को लेकर कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का अनिवार्य शर्त था। को माननीय सुप्रीम कोर्ट से छुपाते हुए उसपर कोई संशोधन या छूट मंत्रालय से भी नहीं लिया । और उसका उल्लंघन अभी तक करते आ रहा है ।

(अनुलग्नक 03)

18. प्रतिवादी 04 ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित समय से पहले कन्वेयर सिस्टम बनाया :- यह कि माननीय सुप्रीम कोर्ट में त्रिपुरारी सिंह एवं अन्य मामले में सिविल अपील नंबर C.A no 6249/2021 दिनांक 08.08.2022 के आदेशानुसार **(अनुलग्नक 03)** अक्टूबर 2023 के पहले प्रतिवादी 04 एनटीपीसी ने कन्वेयर सिस्टम बना लिया था। जिसकी पुष्टि (कंडिका अनुलग्नक 01B) सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पत्रांक 3643 दिनांक 2/11/2022 के सूचना संख्या एक और दो से होती है। जिसमें यह जानकारी मांगी गई थी कि "एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग रेलवे साइडिंग तक कन्वेयर बेल्ट और ट्रक से कोयला परिवहन के लिए वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया कर रहा है ?हां या नहीं ? उपरोक्त दोनों सूचना के संदर्भ में यह स्वीकार किया गया था कि "एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग रेलवे साइडिंग तक कन्वेयर बेल्ट और ट्रक से कोयला परिवहन के लिए वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया जा रहा है" इससे स्पष्ट होता है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के सिविल अपील नंबर 6249/2021 के आदेश के आलोक (कंडिका 17 अनुलग्नक 3) में अक्टूबर 2023 से पहले दिनांक 2/11/2022 तक कन्वेयर सिस्टम बनकर तैयार हो गया था । और वह सुचारू रूप से संचालित था। इसके साथ कन्वेयर सिस्टम बन जाने की पुष्टि भारत सरकार के पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय हरमू चौक रांची के पत्रांक 717 दिनांक 25/11/2022 से भी होती है । जिसके पेज नंबर

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 93/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

6 में यह उल्लेखित है कि प्रयोक्ता अभिकरण कन्वेयर सिस्टम के साथ सड़क मार्ग से भी कोयला परिवहन कर रहा है। जो FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का आंशिक उल्लंघन का पुष्टि (कंडिका 9 अनुलग्नक 01C) से भी होता है,जो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार को प्रतिवेदित किया गया था । जो प्रमाणित करता है कि दिनांक 25.11.2022 के पहले कन्वेयर सिस्टम बन चुका था ।

19.कन्वेयर सिस्टम बन जाने के बाद भी प्रतिवादी 04 ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह कर आदेश लिया:- यह कि (कंडिका 8 अनुलग्नक 01B) एवं (कंडिका 9 अनुलग्नक 01C) से यह प्रमाणित करता है कि कन्वेयर सिस्टम नवंबर 2022 में चालू हो गया था। जिसके लिए वन विभाग अनुज्ञा परमिट जारी कर रही है। उसके बाद भी प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी के द्वारा पुनः माननीय सुप्रीम कोर्ट में Miscellaneous Application No. 1824/2023 in C.A. No. 6249/2021 दाखिल किया एवं माननीय न्यायालय को गुमराह किया । माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने उसके इस प्रार्थना को स्वीकार करते हुए दिनांक 20.10.2023 को यह अंतरिम आदेश दिया ।

a) Allow the present application; and.

b) Extend the timeline for completion of the entire Coal Conveying System facilities /CHP [from mine to Railway siding] at Appellant's Pakri Barwadih Coal Mine Project, Barkagaon, Hazaribag, until 31st December, 2024"

Earlier, this Court by its order on 08.08.2022 had extended the timeline for completion of the construction of the conveyor belt till 31.10.2023.

इसके बाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह कर माननीय सर्वोच्च से दिनांक 29.01.2024 के आदेश में 31 दिसम्बर 2024 तक दुबारा कन्वेयर सिस्टम पूर्णतः बनाने का आदेश लिया गया।

(अनुलग्नक 03 A)

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट मे गुमराह करने वाला हलफनामा दायर कर अक्टूबर 2023 से 31 दिसम्बर 2024 तक निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का आदेश निर्गत करवाया । जबकि कन्वेयर सिस्टम नवम्बर 2022 में चालू हो गया था । जिसकी पुष्टि (कंडिका 8 अनुलग्नक 01B) एवं (कंडिका 9 अनुलग्नक 01C) से होती है।

20.माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समयावधि पूरा होने के बाद प्रतिवादी 04, MOEF &Cc से EC शर्त संशोधन लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट का कर रहा अवमानना :- यह कि प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट में Miscellaneous Application No. 1824/2023 in C.A. No. 6249/2021 दाखिल करके माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 29.01.2024 के आदेश से 31 दिसम्बर 2024 का आदेश लिया। (कंडिका 19 अनुलग्नक 3A) के उपरोक्त आदेश की समयावधि पूर्ण होने के बाद प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पुनः माननीय सुप्रीम कोर्ट नहीं जाकर पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 19.05.2009 के पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) में दसवां संशोधन ले लिया गया और सड़क मार्ग से कोयला परिवहन कर रहा है।

- जो माननीय सर्वोच्च न्यायलय का अवमानना एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण को जानबूझ कर गुमराह करने का प्रयास है।
- इसके बाद भी उपरोक्त संशोधन लेकर प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा खनन स्थल से लेकर रेलवे साइडिंग तक सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किया जा रहा है ।
- जिसके कारण उस उद्देश्य की पूर्ति और पालन नहीं हो रहा है। जिसके लिए कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का FC स्टेज 2 शर्त संख्या 9 लगाया गया था और माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 29.01.2024 को आदेश दिया था।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- प्रतिवादी 04 को EC के शर्त में संशोधन लेने के लिए जो कारण बताया गया था,वहां से सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करना चाहिए था ।
- **परंतु प्रतिवादी 04 द्वारा खनन स्थल से रेलवे साइडिंग तक प्रतिवादी 01, 02,03,04,05,06 के सहयोग से निजी लाभ लिए सड़क मार्ग से कोयला परिवहन किया जा रहा है।**

(अनुलग्नक 0 3B)

21.मानननीय सुप्रीम कोर्ट से प्रतिवादी 04 ने वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दिनांक 17.09.2010 को FOREST CLEARANCE स्टेज 2 के शर्त संख्या 9 को छुपाया और गुमराह किया :- यह कि माननीय सुप्रीम कोर्ट में प्रतिवादी 04 एनटीपीसी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दिनांक 17.09.2010 को FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य को त्रिपुरारी सिंह एवं अन्य मामले में सिविल अपील संख्या C.A. No. 6249/2021 एवं Miscellaneous Application No. 1824/2023 (अनुलग्नक 3 और 3A) मे जानबूझकर छुपाया और माननीय सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह भी किया गया । जबकि पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) के समतुल्य शर्त था।

- The main haul road of 6 km within the core zone shall be metalled. A 3-tier avenue plantation shall be developed along the main approSpecific Condition No.- 2A (ix) के समतुल्य शर्त था।
- The main haul road of 6 km within the core zone shall be metalled. A 3-tier avenue plantation shall be developed along the main approach roads and haul roads. Mineral transportation_from.CHP to Railway

NOTARY R. PRASAD HAZARIBAG Regn. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

siding shall be by closed belt conveyor of a length of 7km. The railway siding shall be provided with Silo Rapid Loading System ach roads and haul roads. Mineral transportation_from.CHP to Railway siding shall be by closed belt conveyor of a length of 7km. The railway siding shall be provided with Silo Rapid Loading System

- FC शर्त संख्या 9 में वन्य जीवों के आवागमन हेतु कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन करने का अनिवार्य शर्त दिया गया था । जो वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रभावी होता है। जो वनों,वन्य जीवों और मानव- वन्य जीव द्वंद को ध्यान में रखकर अनिवार्य शर्त लगाया गया था। परंतु प्रयोक्ता अभिकरण ने इसका कोई परवाह नहीं किया और निजी स्वार्थ पूर्ति हेतु बार बार माननीय न्यायालयों को गुमराह एवं उनके आदेश का अवमानना किया गया।

FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 09 का उल्लंघन कर सड़क मार्ग से कोयला परिवहन के दौरान भारी गड़बड़ीयों को छुपाते हुए प्रतिवादी संख्या संख्या 03 ,04 और 06 ने OA (EZ) 107/2025 के मूल आवेदन के महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं साक्ष्यों पर माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह करने हेतु भ्रामक जवाब अपने हलफनामा में दिया ।

22. वन भूमि में पेड़ काटकर सड़क मार्ग से कोयल परिवहन करने के मामले में आवेदक के शिकायत पर प्रतिवादी 03 ने प्रतिवादी 04 पर दर्ज किया वनवाद पर कार्रवाई नहीं और न्यायाधिकरण को जवाब नहीं दिया :-

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- यह कि प्रतिवादी 04 ने अपने हलफनामा के कंडिका F में यह कहते हैं कि,उनके द्वारा राज्य राजमार्ग एवं ग्रामीण सड़कों से कोयला परिवहन किया जा रहा है। जो वन भूमि से बाहर है। वहीं OA (EZ) 107/2025 के मूल आवेदन के ANNEXURE 2 के कंडिका 8 में वर्णित एवं संलग्न साक्ष्यों पर प्रतिवादी 03,04 एवं 06 के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया है ।
- जिसमें प्रतिवादी 04 के अधिकारियों एवं उनके एजेंसियों पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दर्ज वनवाद जिसमें प्रतिवादी 04 के लिए माननीय न्यायधिकरण में हलफनामा दायर करने वाले श्री बीरेंद्र कुमार भी नामजद आरोपी है ।
- जिसका जवाब प्रतिवादियों ने अपने हलफनामा में नहीं दिया है। प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी (प्रतिवादी 04) एवं उसके अधीन कार्य कर रही ट्रांसपोर्टर एजेंसियां पर आवेदक मंटू सोनी उर्फ शनि कांत के शिकायत पर पेड़ों को काटकर जंगल के रास्ते सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन करने एवं पेड़ों को काटने तथा भारतीय वन संरक्षण अधिनयम 1980 का उल्लंघन करने के मामले में कंप्लेन केस नंबर 29/2021 दिनांक 30.12.2020 एवं कंप्लेन केस 33/2021 दिनांक 24/12/2020 एवं कंप्लेन केस 35/2021 दिनांक 27/12/2020 सभी में भारतीय वन अधिनियम 1927 बिहार संशोधन 1989 की धारा 33 का उल्लंघन का आरोप है ।
- इसके अलावे वन विभाग द्वारा कंप्लेन केस 3192/2020 दिनांक 20/11/2022 भारतीय वन अधिनियम 1927 के बिहार संशोधन अधिनियम 1989 की धारा 33,52 तथा कंप्लेन केस 3221/2022 दिनांक 23/11/2022 में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(ख)(ग़) धारा 63(ग) और पांच हजार सखुआ लकड़ी का पोल काटने के मामले में वन अपराध प्रतिवेदन संख्या 4812 दिनांक 18/09/2024 भारतीय वन अधिनियम 1927 के बिहार संशोधन अधिनियम 1989 की धारा 33,52 के तहत दर्ज वनवाद पर अब तक प्रतिवादी 06 द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।
- उपरोक्त मामले के प्रति वन विभाग प्रतिवादी 03 की तरफ से शिथिलता एवं उदासीनता बरती जा रही है या जानबूझकर कार्रवाई नहीं किया गया है । एवं प्रतिवादी 03 के द्वारा प्रतिवादी संख्या 04 को पद का दुरुपयोग एवं निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु अवैध कार्य करने में नियमों/कानूनों,माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन एवं अवमानना करते हुए

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

संविधान के अनुच्छेद 48 ए का भी अवहेलना करते हुए सहयोग किया जा रहा है।

22 A. प्रतिवादी 04 द्वारा सड़क मार्ग से टू- थी वाहनों से कोयला परिवहन में गड़बड़ियों पर प्रतिवादियों ने माननीय न्यायाधिकरण को अपने हलफनामा में जवाब नहीं दिया :-

- यह कि प्रतिवादी संख्या 03,04 एवं 06 ने OA (EZ) 107/2025 में आवेदक के मूल आवेदन के ANNEXURE 2 के कंडिका 6 एवं 7 का वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों को अपने हलफनामा में नहीं दिया.
- जिसमें निदेशक खान एवं भूतत्व विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 2549/एम० रांची दिनांक 09/10/2018 द्वारा JIMMS प्रणाली के द्वारा जांच में कोयला के ई परिवहन चालान द्वारा एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह खनन परियोजना से बाणादाग साइडिंग तक टू-थ्री मोटर पैसेंजर व मोटर कार से कोयला परिवहन (चालान और वाहन नम्बर सहित) किए जाने की जानकारी देते हुए जिला खनन कार्यालय हज़ारीबारा को पत्र लिखा गया था।
- जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी (हज़ारीबारा) श्री नितेश गुप्ता ने पत्रांक 27/खनन, दिनांक 07 जनवरी 2019 एवं पत्रांक 248/ खनन दिनांक 05/03/2019 को बड़कागांव थाना में फर्जी वाहन/चालान से कोयला परिवहन किए जाने से संबंधित व्यक्तियों/कंपनियों पर सुसंगत नियमों एवं धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।
- परंतु छह साल बीत जाने के बाद भी माननीय सुप्रीम कोर्ट के W.P (Cr) 68/2008 एवं Cri Misc पिटीशन संख्या 1844/2008 ललिता कुमारी एवं उत्तर प्रदेश एवं अन्य के मामले में दिए आदेश का उल्लंघन और अवमानना करते हुए अब तक मामला दर्ज नही किया गया है ।

22 B.प्रतिवादी 04 के खिलाफ प्रतिवादी 03 द्वारा trasit permit में गड़बड़ियों का जवाब प्रतिवादियों ने माननीय न्यायाधिकरण को नहीं दिया : - यह कि वन विभाग प्रतिवादी 03 ने प्रतिवादी 04 एनटीपीसी के कोयला ट्रांसपोर्टिंग में काफी गड़बड़ियां को पकड़ा था। जो सिर्फ एक बार के औचक निरीक्षण में पकड़ा

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 208/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

गया था।(अगर बराबर जांच किया जाता तो कई गड़बड़ी समाने आती)हज़ारीबाग पश्चिमी वन पमंडल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय पत्रांक 3659 दिनांक 18 अक्टूबर 2021 को एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक कोयला प्रेषण विभाग को पत्र लिखा था। जिसमें एनटीपीसी द्वारा निर्गत किए गए परिवहन अनुज्ञा पत्र की द्वितीय पति (counter filo) का दिनांक 30 अगस्त 2021 और 31 अगस्त 2021 के कुछ पतियों के औचक निरीक्षण में बहुत प्रकार की विसंगतियों को पकड़ा था, जो इस प्रकार है।

(क) परिवहन अनुज्ञा पत्र JHAA112501 से JHAA1125700 तक काटे गए परिवहन अनुज्ञा पत्र आपके पत्रांक 1040/PBCMP/CD/2020/913 दिनांक 19 अक्टूबर 2020 से प्राधिकृत किया गया कोई भी स्पेसिमेन हस्ताक्षर नही मिलता जो आपके द्वारा लिखे पत्रांक 1040/PBCMP/CD/2020/913 दिनांक 19 अक्टूबर 2020 को अवैध ठहराता है इस प्रकार के कृत्य वन अपराध के श्रेणी में आता है।

(ख) परिवहन अनुज्ञा पत्र के लोडिंग प्वाइंट से डिस्टीनेसन प्वाइंटस की अधिकतम दूरी 30 कि. मी है। इस दूरी के लिए परिवहन अनुज्ञा पत्र मान्य रहने का अधिकतम समय 6 घन्टा होना चाहिए। जबकि कुछ अनुज्ञा पत्रों में अनुज्ञा पत्र मान्य का समय 24 घन्टा से 30 घन्टा तक दिया गया है जो सही नही है। निम्नलिखित अनुज्ञा पत्रों के परिवहन पत्र संख्याJHAA1125667, JHAA1125669 से लगातार JHAA115686 एवं परमिट संख्या JHAA1125692 तक सभी मे 24 घंटा से 30 घन्टा का मान्य समय दिया गया है। जो नियमानुसार सही नही है।

(ग) परिवहन अनुज्ञा पत्र कंडिका 8 में किस प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा परिवहन अनुज्ञा पत्र काटा गया उसका उल्लेख नही होना भी नियमानुकूल नहीं है।

(घ) अनुज्ञा पत्र JHAA1125501 से JHAA115550 में परमिट संख्या JHAA1125501 से JHAA1155528 तक दिनांक 31 अगस्त 2021 को 11:16 AM में काटना एवं बाद के परमिट संख्या JHAA1125528 से 550 तक मे दिनांक 31 अगस्त 2021 को ही 05:04 बजे से काटना विधि सम्मत नही है।

- एक ही तिथि को वाद के परिवहन अनुज्ञा पत्र में पहले का समय देने का औचित्य को बताने को कहा गया था। वन विभाग द्वारा कोई भी विधि सम्मत कार्रवाई नहीं की गई और इस तरह की गंभीर गड़बड़ीयों के विरुद्ध कभी कोई औचक निरीक्षण,विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई है।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 388/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- जो प्रतिवादी 03 वन विभाग का प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी से निजी स्वार्थ हेतु मिलीभगत की पुष्टि करता है। यही कारण है कि प्रयोक्ता अभिकरण के साथ साथ वन विभाग द्वारा भी माननीय न्यायाधिकरण में भ्रामक एवं गलत हलफनामा दायर किया गया है।

22C. माननीय न्यायाधिकरण में प्रतिवादी 03.04 एवं 06 ने वन्य जीव प्रबंधन योजना पर वन्य जीवों के नुकसन को छुपाने के लिए अधूरा और न्याय को प्रभावित करने के लिए माननीय न्यायाधिकरण अधूरा जवाब दिया:-

- यह कि प्रतिवादी 04 अपने हलफनामा के कंडिका E में यह कहते हैं कि उनके द्वारा वन्य जीव प्रबंधन योजना के लिए CAMPA खाते में 135.67 करोड़ रुपए जमा किया है।
- प्रतिवादी संख्या 03 एवं 06 ने भी अपने हलफनामा के कंडिका 15 के अंतिम पैरा में प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा विभाग को CAMPA खाते में जमा किया गया है।
- **प्रतिवादियों द्वारा बहुत चालाकी से माननीय न्यायाधिकरण को अधूरा और भ्रामक जवाब दिया गया है । क्योंकि उपरोक्त वर्णित राशि कब जमा किया गया है और उसपर क्या- क्या योजना लागू किया गया है,वह माननीय न्यायाधिकरण से छुपा लिया गया है। उनके द्वारा इस तथ्य को जानबूझ कर छिपाने का प्रयास किया गया है** जो निम्न है ।
- प्रतिवादी 03,04 एवं 06 द्वारा वन्य जीव प्रबंधन योजना पर कार्य किए खनन कार्य 2016 में चालू कर दिया गया और वर्ष 2023 में प्रतिवादी 04 द्वारा वन्य जीव प्रबंधन योजना के लिए CAMPA खाते में 135.67 करोड़ रुपए जमा किया है।
- इससे संबंधित तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी,पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा प्रमंडल में उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 21/12/2023 को एक पत्र लिखा गया था,जिसमें प्रयोक्ता अभिकरण के बारे में यह लिखा गया है कि,

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- एन०टी०पी०सी० पकरी बरवाडीह (1026.438 हे0): वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव में इसका स्टेज-11 2010 में हुआ था। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Site Specific Wildlife Management Plan योजना 2023 में जमा किया गया, जिसकी स्वीकृति प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखण्ड, रांची का कार्यालय आदेश संख्या 33, ज्ञापांक 1006 दिनांक 03.08.2023 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि Mining 2016 से ही चालू है। स्वीकृति के बाद भी कैम्पा से Mitigation के लिये अभी तक कोई राशि प्राप्त नहीं है।

(अनुलग्नक 4)

22 D. प्रतिवादी 04 electrification and signalling work is बताकर संशोधन किया और पूरे रास्ते कर रहा कोयला ट्रांसपोर्टेशन : - यह कि प्रतिवादी 04 ने हलफनामा के कंडिका G यह कहा है कि उनके पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा दिनांक 02.01.2025 के अधिसूचना के आलोक में सड़क मार्ग से ढंके हुए ट्रकों से कोयला परिवहन किया रहा है। लेकिन उन्होंने इस तथ्य को छिपा दिया कि उक्त संशोधन में उनके द्वारा यह कारण बताते हुए संशोधन लिया गया कि.

- 4. The construction of siding se being done by railways,
- consists of seven nos. of rail tracks out of which 3 are ready, also, the electrification and signalling work is under progress. It is likely that yard augmentation work
- by railways shall be completed by 31.01.2025. After yard augmentation and RLS completion, it shall require three months of time (till 31.03.2025) to synchronize
- the system with railways which is knowns as "Integrated commissioning". In other words, it may take three months for both RLS streams to reach its rated capacity of 15 MT.

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- प्रतिवादी 04 द्वारा जो कारण बताया गया है उसके अनुसार प्रयोक्ता अभिकरण को जहां तक उसका निर्माण कार्य अधूरा है,वहां तक ही सड़क मार्ग से कोयला करना चाहिए था।
- परंतु उसके द्वारा खनन स्थल से लेकर सड़क साइडिंग तक सड़क मार्ग से कोयले का परिवहन किया जा रहा है। जो उक्त शर्त संशोधन का दुरुपयोग है और माननीय न्यायाधिकरण को भी गुमराह करने का प्रयास किया गया जा रहा है ।
- जबकि पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के शर्त संख्या Specific Condition No.- 2A (ix) एवं वन मंजूरी (FC) के शर्त संख्या 9 में कन्वेयर सिस्टम से ही कोयला परिवहन करने का शर्त है। इसमें लोडिंग क्षमता,खनन क्षमता बढ़ाने,उत्पादन क्षमता बढ़ाने या किसी अन्य कारणों के आधार पर सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का कोई आधार नहीं दिया गया है।

22 E. प्रतिवादी 04 के द्वारा सड़क मार्ग से कोयला परिवहन के दौरान ग्रामीणों की मौत पर माननीय न्यायाधिकरण को झूठा हलफनामा दायर किया-

- यह कि प्रतिवादी संख्या 04 के द्वारा अपने हलफनामा के कंडिका L में इस बात का झूठा दावा किया है कि एनटीपीसी के द्वारा सड़क मार्ग से कोयला परिवहन के दौरान दुर्घटना में किसी की मौत रो सीधा इनकार किया है ।
- जबकि आवेदक के द्वारा OA (EZ) 107/2025 के मूल आवेदन के ANNEXURE 2 के कंडिका 9 में संलग्न राष्ट्रीय दैनिक अखबार "दैनिक भास्कर" के दिनांक 02.12.2022 में छपी खबर जिसमें खबर की शुरुआत में ही त्रिवेणी सैनिक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी जो एनटीपीसी के एमडीओ है। के हाइवा के चपेट में आने से परियांजना क्षेत्र के चेपाकला निवासी सुनील भुइया की मौत एवं दिनांक 02.11.2022 के खबर जिसमें सड़क दुर्घटना में मौत पर एनटीपीसी कि सहयोगी कंपनी त्रिवेणी सैनिक द्वारा मृतक के परिजन को नौकरी एवं 6 लाख का मुआवजा देने का उल्लेख किया गया है।
- इस विषय में भी प्रतिवादी 04 द्वारा हलफनामा में झूठा हलफनामा प्रस्तुत कर माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह करने का प्रयास किया गया है ।
- एक अन्य घटनाक्रम में दैनिक भास्कर अखबार में दिनांक 09.02.2023 को छपी खबर में "कोयला चुनने गई महिला का ओबी में दबकर मौत" शीर्षक से छपी खबर की पुष्टि करता है कि प्रतिवादी 04 के कारण महिला की मौत हुई थी।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 39/2010 GOVT. OF JHARKHAND INDIA

(अनुलग्नक 5)

22 F. प्रतिवादी 04 द्वारा बिना आधार,सत्यता एवं MOEF- Cc के निर्देशों, गलत तथ्यों को बताते हुए माननीय न्यायाधिकरण में पक्ष रखकर गुमराह किया गया एवं साक्ष्य को छुपाया का प्रयास किया गया है -

- यह कि प्रतिवादी 04 द्वारा अपने हलफनामा के कंडिका F से J में सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का बिना अधिकृत दस्तावेजों का स्वयं के अवधारणा से परिकल्पित तथ्यों का जिक्र कर हलफनामा दायर किया गया है। जो निम्न बिंदुओं से स्पष्ट होता है।
- एक तरफ प्रतिवादी 04 द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं MOEF - Cc से कन्वेयर सिस्टम,रेलवे ट्रैक आदि विधि व्यस्था का झूठा हवाला देकर शर्तो में संशोधन लिया जाता रहा है। वही माननीय न्यायाधिकरण में सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का बिना कोई विभागीय दस्तावेज के स्वयं के परिकल्पित अवधारणा से प्रेरित दे रहा है। जिससे उनकी नियति परिलक्षित होती है।
- किसी भी कोयला खनन परियोजना को सड़क मार्ग से कोयला परिवहन का मानक,नियमावली और उसका आकलन निर्धारण MOEF &Cc के तकनीकी दक्ष अधिकारियों के निरीक्षण और अनुसंशा पर केंद्रीय बोर्ड बैठक में तय किया जाता है,लेकिन प्रतिवादी 04 स्वयं से मनगढ़ंत तर्क पेश कर माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है ।
- **प्रयोक्ता अभिकरण को बीस साल के लिए FC स्वीकृति और EC शर्त में मिले स्वीकृति में 14 साल तक शर्तो को पूरा नहीं किया एवं खुद सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का कार्य,कभी अधूरा कन्वेयर सिस्टम,तो कभी कन्वेयर पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं होने,तो कभी रेलवे ट्रैक नहीं बनने एवं विधि व्यस्था, भूमि अधिग्रहण आदि नहीं**

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 998/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

होने का हवाला देकर निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु वन विभाग से मिलकर शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है।

- जबकि सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का पर्यावरणीय स्वीकृति या वन मंजूरी के शर्तों में करने का आदेश कहीं भी किसी भी परिस्थिति में नहीं दिया गया है । इसलिए उनका उक्त तर्क निजी लाभ की पूर्ति के लिए माननीय न्यायाधिकरण को गुमराह और न्याय को प्रभावित करने लिए अनाधिकृत, अव्यवहारिक और गैरजिम्मेदाराना तर्क देना प्रतीत होता है।

22 G. प्रतिवादी 03 एवं 06 ने FC शर्त संख्या 9 एवं EC के शर्त 5 वर्णित तथ्य को छुपाते हुए अधूरा और भ्रामक तथ्य माननीय न्यायाधिकरण में दिया. जिसकी विवरण निम्न है।

- यह कि प्रतिवादी 03 एवं प्रतिवादी 06 की तरफ से माननीय न्यायाधिकरण में हलफनामा दायर करने वाले श्री मौन प्रकाश ने अपने हलफनामा के कंडिका 9 में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दिनांक 17.09.2010 FOREST CLEARANCE स्टेज 2, F.No 8-56/2009-FC के कांडिका 6 में उल्लेखित "The approval under the forest Conservation Act, 1980 is subject to the clearance under the Environment (Protection) Act, 1986." का जिक्र किया है।
- उनके द्वारा लिखा गया उक्त बिंदु FC शर्त 9 में लागू होगा या नहीं वह स्पष्ट नहीं किया गया हैं और किस संदर्भ में लिखा गया है,वह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। क्योंकि FC शर्तें वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अधीन लागू होती है और EC, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अधीन लागू होता है। दोनों के मानक और पैमाना अलग - अलग होता है। चूंकि उक्त शर्त वन्य जीवों के सुगम आवागमन एवं संरक्षण हेतु लगाया गया था तो उस स्थिति में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 भी उल्लंघन लागू होता है।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- प्रतिवादी 03 एवं 06 के तरफ से श्री मौन प्रकाश द्वारा माननीय न्यायाधिकरण में दायर हलफनामा के कंडिका 13 एवं 14 में सड़क में सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का बचाव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 09.05.2009 को प्राप्त हुए पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के Specific Condition No.- 2A (ix) में 10 वीं संशोधन को लेकर किया है।
- **विशेष रूप से यह भी उल्लेख करना है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 09.05.2009 को प्राप्त हुए पर्यावरणीय स्वीकृति (EC) के कंडिका 5 में वर्णित तथ्यों को माननीय न्यायाधिकरण में श्री मौन प्रकाश द्वारा जानबूझकर छुपा लिया गया है । जो वर्णित है।**
  - The above conditions shall be governed by, among others, the provisions of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974, the Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981.
  - उसमें यह जिक्र नहीं किया गया है कि उक्त शर्त में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत लगाए गए शर्तों पर प्रभावी नहीं है और उसपर लागू नहीं होता है । जब EC के कंडिका 5 में स्पष्ट किया गया है कि उसका शर्त किस कानून में लागू होगा जो यह स्वतः स्पष्ट करता है कि प्रतिवादियों द्वारा गलत तरीकें से उक्त कंडिका को छुपाया गया है । EC शर्त का व्याख्या और उसका दुरूपयोग किया जा रहा हैं (कंडिका 15,अनुलग्नक 2AB में वर्णित)

पश्चिमी वन प्रमंडल अंतर्गत संचालित प्रतिवादी 04 एनटीपीसी के सहित अन्य कोल परियोजनाओं को निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए वन्य जीव प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन किए बिना खनन

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

कार्य हेतु खोल दिया गया जिसके कारण वन्य जीवों,मानव जीवन, कृषि एवं प्रास्थितिकी का भारी नुकसान हुआ

23.यह कि हजारीबाग वन परिक्षेत्र अंतर्गत शेड्यूल एक के वन्य जीव जो अति संरक्षित श्रेणी (लुप्त प्राय श्रेणी) में आते हैं, शेड्यूल दो जो संरक्षित श्रेणी में आते हैं एवं शेड्यूल तीन एवं चार कैटगरी के वन्य जीवों का घनत्व है और उक्त क्षेत्र में बिना वन्य जीव प्रबंधन के कार्य के प्रतिवादी 03 एवं 06 द्वारा खनन कार्य चालू करवाने से हुए नुकसान एवं आपत्तियों के मद्देनजर एक विवरण और तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी के रिपोर्ट में जिक्र किया गया है।जो निम्न है।

23.A .यह कि सूचनाधिकार अधिकार के माध्यम से दिनांक 13.03.2020 के कंडिका 3 में यह बताया गया कि "पिछले दस वर्षो में जंगली जानवरों द्वारा जान माल की क्षति होने से संबंधित अब तक 1422 मामले में प्रभावित व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया गया है" ।

- जिससे वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के उल्लंघन के चलते प्रभाव की पुष्टि एवं निजी लाभ के प्रतिवादी 03 एवं 06 द्वारा वन्य जीव प्रबंधन योजना पर कार्य नहीं होने के बाद हुए नुकसान की पुष्टि करता है और वन्य जीवों के प्रास्थितिकी संतुलन बिगड़ने के कारण को पुष्टि करता है ।

(अनुलग्नक 6)

23.B. यह की वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के कार्यालय पत्रांक 5813 दिनांक 11.10.2023 के एक रिपोर्ट में वर्ष 2019 से 2024 तक पश्चिमी वन प्रमंडल अंतर्गत जंगली हाथियों द्वारा मृत एवं घायल व्यक्तियों से संबंधित मुआवजा राशि का विवरण दिया गया है।

- जिसमें कुल 32 मृत लोगों के लिए 10000000.00 एवं °7 घायलों के लिए 530000.00 कुल 10530000.00 रुपया दिया गया ।
- वहीं वर्ष 2019 से 2024 तक जंगली हाथियों द्वारा फसल भंडारी अनाज मकान एवं पशु क्षति से संबंधित मुआवजा राशि का विवरण दिया गया है । फसल छति के कुल 1560 मामले जिसमें 228.8 हेक्टेयर भूमि पर 557120 क्विंटल का 4340772.00 राशि का भुगतान किया गया ।

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
208/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- भंडारित अनाज के 290 मामले में 618.44 क्विंटल के लिए 98950.00 रुपए एवं मकान क्षति के कुल 576 मामले में कुल 10110000.00 रुपए तथा पशु क्षति के कुल 23 मामले 18000 क्विंटल के लिए 314000.00 रुपए का आंकड़ा दिया गया है।
- जिससे वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के उल्लंघन के चलते प्रभाव की पुष्टि एवं निजी लाभ के लिए प्रतिवादी 03 एवं 06 द्वारा वन्य जीव प्रबंधन योजना पर कार्य नहीं होने के बाद सरकारी राजस्व, मानव जन जीवन,कृषि एवं वन्य जीवों के हुए नुकसान की पुष्टि करता है और वन्य जीवों की प्रास्थितिकी संतुलन बिगड़ने के कारण की भी पुष्टि करता है।

(अनुलग्नक 7)

24.यह कि हजारीबाग वन परिक्षेत्र अंतर्गत प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी की तीन कोल ब्लॉक परियोजना क्रमशः पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना,चट्टी बरियातू कोल परियोजना एवं केरेडारी कोल ब्लॉक परियोजना सहित सीसीएल सहित अन्य कंपनियों के कोल ब्लॉक संचालित है। जिन्हें वर्ष 2009 से लेकर 2013 के बीच वन अनापत्ति एवं पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। परंतु वन्य जीव प्रबंधन योजना पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। जिसमें प्रतिवादी 04 प्रयोक्ता एनटीपीसी द्वारा वन संरक्षण पर स्पष्ट उल्लेख है।

- यह की वन्य जीव प्रबंधन योजना के संबंध में तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी,पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा प्रमंडल में उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 21/12/2023 को लिखे एक पत्र में वैसी परियोजनाओं जिसमें बिना Wildlife Plan/CAT Plan के खनन कार्य शुरू कर लिया गया है । जिसकी विवरणी निम्नवत् है ।
- मेसर्स एन०एम०डी०सी० लिमिटेड (पूर्व आवंटी मेसर्स एस्सार पावर लिमिटेड के टोकीसूद नार्थ सब ब्लॉक) 374.87 हे0 :- वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में भारत सरकार के पत्र दिनांक 28.12.2011 द्वारा अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है जिसे राज्य सरकार के पत्रांक 3145 दिनांक 09.07.2014 द्वारा परियोजना में सन्निहित वनभूमि को विमुक्त किया जा चुका है। जबकि

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

स्टेज-1 के शर्त संख्या-09 एवं स्टेज-1 के शर्त संख्या-14 के अनुसार प्रयोक्ता अभिकरण को Conservation Plan का कार्यान्वयन करना था जो अभी तक नहीं हुआ है। जिसका विवरण नीचे की कंडिका में वर्णित है।

- एन०टी०पी०सी० पकरी बरवाडीह (1026.438 हे0): वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव में इसका स्टेज-11 2010 में हुआ था। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Site Specific Wildlife Management Plan योजना 2023 में जमा किया गया, जिसकी स्वीकृति पधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखण्ड, रांची का कार्यालय आदेश संख्या 33, ज्ञापांक 1006 दिनांक 03.08.2023 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि Mining 2016 से ही चालू है। स्वीकृति के बाद भी कैम्पा से Mitigation के लिये अभी तक कोई राशि प्राप्त नहीं है।
- चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के अन्तर्गत मगध ओ०सी०पी० परियोजना (96.72 हे0) :- इस परियोजना में भारत सरकार के पत्र दिनांक 18.10.2010 से अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है तथा राज्य सरकार के पत्रांक 3276 दिनांक 22.06.2015 द्वारा परियोजना में सन्निहित वनभूमि विमुक्त की गई है।
- इस परियोजना के शर्त संख्या-18 "The user agency to bear the cost of implementation of conservation plan to be prepared in consultation with the CWLW of the State for the Hazaribagh National Park and its buffer zone adjoining CCL mining zone." में उल्लेखित है।
- उक्त शर्त का अनुपालन खनन कार्य प्रारम्भ होने के बावजूद लंबित था। जब सी०सी०एल० द्वारा मगध ओ०सी०पी० के नयी परियोजना 192.36 हे० वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव भारत सरकार को समर्पित किया गया जिसमें भारत सरकार द्वारा कतिपय बिन्दुओं पर पृच्छा की गई जिसमें तीन बिन्दु मगध ओ०सी०पी० 96.72 हे0 के WLMP से संबंधित था।
- तब जाकर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वन्यप्राणी प्रबंधन योजना तैयार कर समर्पित की गई जिसकी स्वीकृति प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, रांची का कार्यालय आदेश संख्या 39, ज्ञापांक 1473 दिनांक 29.11.2023 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि खनन कार्य 2016 से ही जारी है।

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
398/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

- उपरोक्त रिपोर्ट के अंतिम पैराग्राफ में कहा गया है कि अनुभव के आधार पर यह Site Inspection Report में उल्लेख किया गया है। क्योंकि Mining Start हो जाने में वन्यप्राणियों पर दुष्प्रभाव प्रारम्भ हो जाता है एवं Soil Erosion भी होने लगता है। विलम्ब से Wildlife Plan/CAT Plan के लागू होने से उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पाती है। इसी के मद्देनजर यह मंतव्य दिया गया है कि Mining के साथ Wildlife Plan/CAT Plan का कार्य भी प्रारम्भ करने की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि इसके उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

(अनुलग्नक 8)

प्रतिवादी संख्या 04 प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी द्वारा FOREST CLEARANCE और ENVIRONMENT CLEARANCE के शर्तों को 20 वर्षों के लिए मिले खनन पट्टा में 14 वर्षों तक निजी लाभ के लिए विभिन्न भ्रामक कारणों को बताकर पूरा नहीं करना एवं उसका निर्ममता से उल्लंघन करना

25. यह कि प्रतिवादी 04 एनटीपीसी द्वारा FOREST CLEARANCE (FC) वर्ष 2010 जो और ENVIRONMENT CLEARANCE EC) वर्ष 2009 में मिल चुका था। परंतु अब तक लगभग 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके द्वारा निजी लाभ के पूर्ति के लिए विभिन्न भ्रामक कारणों का बहाना बनाकर शर्तों का पालन नहीं किया गया और उसका निर्ममता से उल्लंघन किया जा रहा है । जो क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,हजारीबाग के पत्रांक 1210 दिनांक 23.06.2025 को वन प्रमंडल पदाधिकारी,हजारीबाग को लिखा गया पत्र से होता है । जिसका विवरण इस प्रकार है ।

- यह कि प्रयोक्ता अभिकरण प्रतिवादी 04 एनटीपीसी को FOREST CLEARANCE (FC) स्टेज 2 के शर्त संख्या 2.b के संदर्भ में 3 प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अबतक safety zone क्षेत्र का पूर्ण घेरान नहीं किया गया है बल्कि मात्र 6000 मी॰ एक घेरान barbed wire से एक स्तरीय किया गया है। इसमें safety zone का द्विस्तरीय fencing किया जाना चाहिए।

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

safety zone का द्विस्तरीय fencing नहीं होने के कारण इसका regeneration भी नहीं हो पा रहा है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा लगभग 37000 पौधे safety zone में लगाने की बात कही गई परन्तु उनके फोटोग्राफस से regeneration की स्थिति दयनीय प्रतीत होता है। प्रयोक्ता अभिकरण को संपूर्ण safety zone क्षेत्र में द्विस्तरीय Fencing Chain Link fence से करवाकर इस बरसात में इस क्षेत्र में गहन वृक्षारोपण हेतु निदेश दिया गया था। परन्तु इस संबंध में कोई अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अबतक नहीं भेजा गया। प्रस्तुत द्वारा परियोजना लागत से सुरक्षा क्षेत्र की बाड़बंदी, सुरक्षा और पुनर्जनन का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा, परियोजना लागत से ही, अन्यत्र चयनित की जाने वाली क्षतिग्रस्त वन भूमि पर, सुरक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रफल के डेढ़ गुना क्षेत्रफल पर वनरोपण भी किया जाएगा। 2.बी. अतः आप स्वयं अथवा सहायक वन संरक्षक के माध्यम से इस क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर इस शर्त का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया था।

- यह कि प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी को FOREST CLEARANCE (FC) स्टेज 2 के शर्त 8.i के संबंध जिसमें पकवा एवं खुर्रा नाला के किनारे 50 मीटर ग्रीन बेल्ट बनाने का शर्त दिया गया था। उसके संदर्भ में प्रयोक्ता अभिकरण के प्रतिनिधि द्वारा इसके अनुपालन के संबंध में कोई जवाब नहीं दिया गया। स्पष्ट है कि इसका अनुपालन लंबित है। उन्हें पकवा एवं खोर्स नाला के दोनो ओर 50 मी ग्रीन बेल्ट बनाने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी दिया जा चुका है।
- यह कि प्रयोक्ता अभिकरण एनटीपीसी को FOREST CLEARANCE (FC) स्टेज 2 के शर्त 19 के आलोक में प्रयोक्त्ता अभिकरण के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कई पूराने तालाबो का जीर्णोद्धार एवं नये तालाबो के निमार्ण की बात कही गई परन्तु उनके द्वारा कोई सूची प्रस्तुत नहीं किया गया। Disiltation किये गये तालाबो की सूची उनसे माँगा गया था जो अबतक अप्राप्त है। आप प्रयोक्ता अभिकरण से पूरी सूची प्राप्त कर उसका अपने स्तर से जाँचोपरान्त अनुपालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करने को लिखा गया है ।

सत्य प्रतिलिपि

(अनुलग्नक 9)

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No. 396/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

26. यह कि प्रयोक्ता अभिकरण प्रतिवादी 04 एनटीपीसी को ENVIRONMENT CLEARANCE(EC) वर्ष 2009 में स्वीकृति मिलने के बाद अब तक कई महत्वपूर्ण शर्तो को पूरा नहीं किया गया है। जो सार्वजनिक जनहित,वन्य जीव हित,सुरक्षा और जनकल्याण से संबंधित है,इसके बावजूद प्रतिवादी 04 द्वारा निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु विभिन्न भ्रामक कारणों का हवाला देकर उन शर्तो को लगभग 14 वर्ष के बाद भी पूरा नहीं किया गया है ।जिसको लेकर MOEF &CC के compliance & monitoring division -I.A Division के साइंटिस्ट "ई "श्री मुन्ना कुमार शाह में दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को प्रतिवादी 04 को पत्र लिखा जिसमें प्रमुख बिंदु निम्न है।

"3. The monitoring report submitted for the project by RO, Ranchi has been examined in the Ministry and following are observed non-compliances with respect to said EC letter on the basis of review of IRO's report:

- i. Violation/non-compliance of the provision of Forest Clearance Act. (Specific Condition: II)
- ii. Necessary fund for construction of road upto the Monolith and park around to the state Govt. yet has not been released. (Specific Condition: III)
- Siltation ponds, gabions have not been constructed in South West direction, Siltation pond has not been properly maintained, grassing, vegetation, plantations has not been developed near Lathorwa nallah, gabions has not been developed in between slope and nallah, no embankment between dump D of eastern quarry and pakka nallah has been constructed (Specific Condition: IV)
- iv. Catch drains and siltation ponds have not been constructed for other portion of top soil dump. (Specific Condition: V)
- v. Grassing and vegetation on the slopes of the OB dump has not been developed properly also, the slope of the section has not been submitted. (Specific Condition: VI)

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 3/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

मंटू सोनी अधिवक्ता

- vi. Catch drains and siltation ponds at many places as specified by IRO has not been constructed and maintained. (Specific Condition: VII)
- vii. Retaining wall at the toe of the OB dump has not constructed at many places as specified by IRO. (Specific Condition: VIII)
- viii. 3-tier avenue plantation has not been developed as per the EC condition. Transportation of Coal has is not being done as per the EC conditions dust emission has not been controlled effectively (Specific Condition: IX)
- ix. Inadequate Dust control system to control the dust emission. (Specific Condition: XII)
- X. Development of Rainwater harvesting structure wherever feasible. (Specific condition: XIII)
- xi. Maintenance of Oil & grease trap and operational status of STP. (Specific Condition: XV) (General condition; VII)
- xii. Completion of Plantations in some portions (as specified by IRO) of OB dumps (Specific Condition: XVI)
- xiii. Status and completion of R&R Plan (Specific Condition: XIX)
- xiv. Implementation of the report of Department of Forestry, wildlife & Environmental Sciences, Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur, Chhattisgarh (Specific Condition: XXI)
- Date till which eastern quarry of the project was operational. (General Condition: 1) xv.
- Nstallation of CAAQMS near Mining operations area in consultation with JSPCB officials. (General condition: III) xvi.
- xvii. Fugitive dust emission from all sources has not been controlled properly. Water spraying arrangement on haul roads, wagon loading, and dump truck has not been adequately maintained. (General Condition: IV)

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 198/2010 GOVT. OF JHARKHAND

Scanned by Scanner Go

- xviii. Submit the details of proper collection and treatment of Industrial wastewater. (General Condition: VII)
- xix. Details of whether funds earmarked for environmental protection measures have been kept in separate accounts. (General Condition: XII)

"4. In view of the foregoing, the Project proponent (PP) is hereby directed to submit the clarification/Action Taken Report (ATR) for observed non-compliance within the next 30 days from the date of issuance of this letter. It may be noted that, if no satisfactory reply is received within the prescribed time frame, the Ministry will be constrained to take necessary action as deemed fit and appropriate in the circumstances of the case which inter-alia include issuance of Show-Cause Notice under the provision of section (5) of the Environment (Protection) Act, 1986.

(अनुलग्नक 10)

27. यह कि प्रतिवादी 04 ने अपने हलफनामा में आवेदक पर जितने भी आरोपों/मुकदमों को जिक्र किया है,वह अधूरा,भ्रामक और जान बूझकर तोड़ मरोड़ के बिना ठोस साक्ष्य के वर्तमान स्टेटस के जानकारी के अभाव में दुर्भावना से ग्रसित होकर लिखा है। क्योंकि उनमें से सभी मुकदमें झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा जांच की जा रही है ।जिसमें से कुछ मुकदमें फर्जी साबित हुए,कुछ में रिहा हुआ हूं । यहां यह उल्लेखित करना है कि प्रतिवादी 04 ने अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर मेरे सहित अन्य प्रभावितों को फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर फंसाने का कार्य किया जाता रहा है, ताकि वह परियोजना क्षेत्र अंतर्गत हो रहे अनियमितता को दबाने,कुचलने में सफल रहे और निजी स्वार्थ की पूर्ति करता रहे ।प्रतिवादी 03 एवं प्रतिवादी 04 के मिलीभगत और निजी लाभ को अपराध अनुसंधान विभाग के रिपोर्ट के उक्त तथ्यों से समझा जा सकता है।

- यह विशेष उल्लेखनीय है कि मेरे द्वारा प्रतिवादी 04 के अवैध कार्यों की शिकायत किए जाने के बाद प्रयोक्ता अभिकरण प्रतिवादी 04 के अधीन खनन कार्य कर रहे कंपनी त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के

NOTARY R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND INDIA

अधिकारी ने प्रलोभन देकर आवेदक(मुझे) मैनेज करने का प्रयास किया गया था।

- जिसकी पुष्टि मेरे शिकायत पर प्रतिवादी 03.प्रतिवादी 04 के विरुद्ध शिकायत पर अपराध अनुसंधा विभाग ,रांची ने झारखंड सरकार को कार्रवाई हेतु भेजे गए अपने जांच प्रतिवेदन में किया है ।
- अपराध अनुसंधान विभाग ने झारखंड सरकार को कार्रवाई के लिए भेजे अपने जांच प्रतिवेदन में प्रतिवादी 03 एवं प्रतिवादी 04 के मिलीभगत से परियोजना अंतर्गत 20 से 30 मीटर औसत चौड़ी दुमुहानी नाला को खनन पट्टा के FC शर्तो के विपरीत उल्लंघन करते हुए अवैध खनन कर उसकी चौड़ाई महज चार से पांच मीटर कर दिया गया और उसके प्रवाह को अभी तक बाधित कर रखा गया है। और उसके बचाव के लिए निजी लाभ प्राप्त कर आपसी सांठगांठ कर प्रतिवादी 03 द्वारा फर्जी रिपोर्ट बनाए जाने की पुष्टि झारखंड सरकार को कार्रवाई के लिए अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा भेजे गए रिपोर्ट में किया गया है ।
- अपराध अनुसन्धान विभाग की जांच रिपोर्ट में प्रतिवादी 04 को बचाने के लिए प्रतिवादी 03 ने अपने पहले रिपोर्ट को बदलकर दूसरी रिपोर्ट दिया था।
- अपराध अनुसन्धान विभाग के रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि किया गया था कि प्रतिवादी 03 ने प्रतिवादी 04 को संरक्षण देने के लिए झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग के शर्तो के बिंदुओं को भी छिपाकर गलत व्याख्या करते हुए रिपोर्ट बनाया था।

(अनुलग्नक 11)

28. यह कि प्रतिवादी 04 एनटीपीसी स्वयं को भारत सरकार की कंपनी कहती है और देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए कोयला का रिकॉर्ड उत्पादन करने के लिए स्वयं को नंबर एक कंपनी बताती है। वहीं उपरोक्त तथ्यों,सबूतों और साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि एनटीपीसी भारत सरकार के MOEF&Cc के तहत अनिवार्य शर्तो जो कि मानव कल्याण,वन्य प्राणी कल्याण एवं प्रास्थितिकी संतुलन को ध्यान में रखकर लगाया गया था,को हरेक स्तर पर अलग-अलग असत्य तथ्यों का सहरा लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय सहित माननीय न्यायाधिकरण एवं अन्य संस्थाओं को भी गुमराह करने का कार्य अपनी निजी स्वार्थ के लिए स्थानीय

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regn. No. 032/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

जिला प्रशासन एवं वन विभाग से मिलकर सतत रूप में किया जा रहा है। जिसकी पुष्टि उपरोक्त दिए गए विवरणों से स्दतः स्पष्ट है।

29.माननीय न्यायाधिकरण की अनुमति से क्षेत्र में प्रतिवादी 04 के वर्तमान सहित अन्य कोयला परियोजनाओं में हो रही अनियमितताओं,फर्जी दस्तावेजों का निर्माण कर MOEF &Cc से अनापति प्रमाण पत्र लेने एवं वनाधिकार अधिनियम के लिए फर्जी दस्तावेज को प्रस्तुत कर प्रतिवादी 03 ने माननीय न्यायाधिकरण एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह कर आदेश लेकर उसका उपयोग अपने निजी लाभ के लिए किया गया है। वो,न्यायिक प्रक्रिया के विरुद्ध एवं नैसर्गिग न्याय के खिलाफ है। इससे सम्बंधित माननीय न्यायाधिकरण के आदेशानुसार अन्य दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहूंगा।

30.यह कि उपरोक्त सभी वर्णित विवरण साक्ष्य मेरी जानकारी में सत्य एवं प्रामाणिक हैं । जिसे मैं माननीय न्यायाधिकरण में पूरी जिम्मेवारी से सम्मानजनक एवं न्याय के भाव से प्रस्तुत कर रहा हूं।

31.यह प्रति उत्तर शपथ पत्र सद्भावना पूर्ण और न्याय के हित एवं लोक हित में प्रस्तुत किया जा रहा है आपसे अनुरोध है कि कृपया इस प्रति शपथ पत्र में अनजाने में थोड़ी विधिसम्मत त्रुटि/भूल चुक हो गई हो, तो उसे मानव कल्याण,वन्य जीव एवं पारिस्थितिकी कल्याण के दिशा में किया गया प्रयास समझ कर क्षमा कर स्वीकार करने की कृपा करें ।

मंटू सोनी उर्फ शनि कांत

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No. 398/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

आवेदक

मंटू सोनी उर्फ शनिकांत
15/09/2025

मंटू सोनी उर्फ शनि कांत
पिता श्री राजेश कुमार
बड़कागांव, जिला-हजारीबाग(झारखंड)
पिन कोड - 825311
मो० 9504268699
Email- shanikant699@gmail.com

Identified the deponent who has signed/put L.T.I. in my presence

Pawan Kr. Yadav
Adv
15/09/25
ADVOCATE

Solemnly affirmed/declared on oath before me by Sri.....Mantu Soni @ Shanikant.....
Who has been identified by Shri.......
.....Pawan Kumar Yadav.....Advocate
who is personally know to me.

NOTARY
15/9/25

भारत सरकार
Government of India

शनि कान्त
Shani Kant
जन्म तिथि / DOB : 05/06/1985
पुरुष / Male

3510 2988 3792

मेरा आधार, मेरी पहचान

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
Unique Identification Authority of India

आधार

पता:
आत्मज: राजेश कुमार, 645, रेंज ऑफिस के पास, बड़कागाओं, हजारीबाग, बड़कागांव, झारखण्ड, 825311

Address:
S/O: Rajesh Kumar, 645, near range office, Barkagaon, Hazaribagh, Barkagaon, Jharkhand, 825311

3510 2988 3792

1947 | help@uidai.gov.in | www.uidai.gov.in

मन्टु सोनी उर्फ शनि कान्त

NOTARY
B. R. PRASAD
HAZARIBAG
Regd. No.
398/2010
GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

267

Affidavit

अधिवक्ता कल्याण कोष
पन्द्रह रुपये ₹15 झारखंड
FIFTEEN RUPEES JHARKHAND
ADVOCATE WELFARE FUND

अधिवक्ता कल्याण कोष
पन्द्रह रुपये ₹15 झारखंड
FIFTEEN RUPEES JHARKHAND
ADVOCATE WELFARE FUND

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

Binod Ranjan Prasad
NOTARY
HAZARIBAG (JHARKHAND)

HAZARIBAG BAR ASSOCIATION • HAZARIBAG •

सत्यमेव जयते

NOTARY B. R. PRASAD HAZARIBAG Regd. No. 398/2010 GOVT. OF JHARKHAND (INDIA)

22574
15/9/20

Joint Secretary
Library
Bar Association, Hazaribag

(Suman Kumar Singh)
General Secretary

Sl. No. C 1307

Signature of Executive Member

Scanned by Scanner

(अनुलग्नक 01)

5

श्री लोबिन हेम्ब्रम, माननीय स०वि०स० द्वारादिनांक–28.02.2023 कोपूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं०–वन–10 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग, पश्चिमी वन प्रमण्डल अन्तर्गत एन०टी०पी०सी० के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए Forest Clearance भारत सरकार द्वारा हाथियों के आवागमन को बाधित नही होने के लिए बानादाग रेलवे साइडिंग तथा कोयला ढुलाई के लिए कन्वेयर बेल्ट इस्तेमाल करने का शर्त दिया गया था;	आंशिक स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि Forest Clearance के शर्तों का उल्लंघन कर कन्वेयर बेल्ट बन जाने के बाद भी सड़क मार्ग से कोयला ढुलाई के लिए वन विभाग एन०टी०पी०सी० को Transit Permit अभी तक जारी करते आ रही है;	मुख्य महाप्रबंधक, पकरी बरवाडीह एन०टी०पी०सी० लिमिटेड ने अपने पत्रांक–23 दिनांक–10.02.2023 से सूचित किया है कि विभिन्न कारणों जैसे भूमि अधिग्रहण एवं स्थानीय विधि–व्यवस्था के चलते अभी तक कन्वेयर बेल्ट पूर्ण रूप से कार्यरत नहीं हो पाया है फलस्वरूप उनके द्वारा भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन दिनांक–27/29.10.2020 के प्रावधान के आलोक में तत्काल सड़क मार्गों से कोयला परिवहन किया जा रहा है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में Transit Permit निर्गत किया जा रहा है।
3. क्या यह बात सही है कि सड़क मार्ग से अवैध कोयला ढुलाई के दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी है और त्रिवेणी सैनिक कंपनी ने उक्त दोनों के परिजनों को मुआवजा भी दिया है;	इस संबंध में उपायुक्त, हजारीबाग से सूचना की मांग की गई है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?	उपायुक्त, हजारीबाग से प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त, नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

ज्ञापांक–5/वि०स० तारांकित प्रश्न–21/2023–743 व०प०, दिनांक–27/02/2023

प्रतिलिपि–अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–198, दिनांक–21.02.2023 के प्रसंग में अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ/उप सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य) विभाग, झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार/उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अमर कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव

(अनुलग्नक 01 A)

F.No. J-13012/91/2008-IA.II (T)
Government of India
Ministry of Environment, Forest and Climate Change

3rd Floor, Vayu Block,
Indira Paryavaran Bhawan, Jor Bagh Road,
Aliganj, New Delhi-110003

Dated: 27.10.2020
29

Office Memorandum

Sub: Clarification regarding coal transportation by Thermal Power Plants in line with Ministry's Gazette Notification vide S.O. 1561(E) dated 21.05.2020- reg.

The Ministry vide Gazette Notification S.O. 1561(E) dated 21.5.2020 has prescribed certain conditions on coal transportation.

2. The Ministry has been receiving several representations from various power plant operators to issue a clarification on coal transportation in light of the said Notification dated 21.05.2020.

3. It is reiterated that the Ministry's Notification dated 21.5.2020 aims at achieving coal transportation by railway wagons and/or belt conveyors from delivery point of coal mine to thermal power plant and it is the responsibility of power plant operators to set up such infrastructure pertaining to rail or conveyor belt system. Therefore, the condition in the Environmental Clearance, as regards setting up rail infrastructure or conveyor belt system shall remain operative. However, till such time infrastructure regarding rail/conveyor system is not established, coal may be transported by road **with tarpaulin covered trucks.**

4. The said Notification also clarifies that the existing conditions in the Environmental Clearance stand modified so as to make the above conditions operative. Therefore, the project proponents need not approach the Ministry to seek temporary permissions for road transportations subject to transportation through tarpaulin covered trucks.

This issues with the approval of the Competent Authority.

(Dr. S. Kerketta)
Director

To

1. *All Power Plant Operators who were granted Environmental Clearance*
2. *All Chairmen and Members of SPCBs/UTPCCs/CECB/EACs/SEACs/SEIAAs.*

Copy to:

1. Sr.PPS to Secretary
2. Sr. PPS to AS (RA) & AS (RSP)
3. Sr. PPS to JS (GM) & JS (SKB)
4. Guard file/Website of MoEF&CC

Director, IA.I

(अनुलग्नक 01 B)

कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग
☎ 06546-222330, Email- dfohazaribaghwest@gmail.com & dfo-hazaribaghwest@gov.in

पत्रांक: 3543 दिनांक: 02/11/2022

सेवा में,

मंटू सोनी उर्फ शनि कांत,
ग्राम – गोन्दे + थाना– बड़कागांव,
जिला हजारीबाग
मो0 नं0 9504269699

विषय:– जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– आपका आवेदन दिनांक 07-10-2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के द्वारा मांगी सूचना की जानकारी निम्नवत है :–

01	एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग साईडिंग तक कन्वेयर बेल्ट से कोयला परिवहन के लिए वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया जा रहा है? हां या नहीं ?	एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग साईडिंग तक कन्वेयर बेल्ट/ ट्रकों से परिवहन हेतु वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया जा रहा है।
02	एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग साइडिंग तक सड़क मार्ग से कोयला परिवहन के लिए वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया जा रहा है? हां या नहीं?	एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग साईडिंग तक कन्वेयर बेल्ट/ ट्रकों से परिवहन हेतु वन विभाग से अनुज्ञा/परमिट जारी किया जा रहा है।
03	एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग रेलवे साईडिंग तक कन्वेयर बेल्ट से कोयला परिवहन चालू होने के बाद एनटीपीसी को सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने का परिवहन/वन विभाग का विभागीय आदेश निर्गत है तो उसके शर्तों के साथ विभागीय आदेश कॉपी का विवरणी उपलब्ध कराया जाए।	एन0टी0पी0सी0 के पकरीबरवाडीह कोल परियोजना से बानादाग साईडिंग तक कन्वेयर बेल्ट से कोयला परिवहन चालू होने के बाद सड़क मार्ग से कोयला परिवहन करने/ नहीं करने संबंधी कोई अभिलेख इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

(अनुलग्नक 01 C)

265

804570/2022/RO-ECZ

भारत सरकार / Government of India
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय/Integrated Regional Office
पताः द्वितीय तल, झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड मुख्यालय, हरमू चौक, राँची, झारखण्ड - 834002
Add: 2nd Floor, Headquarter-Jharkhand State Housing Board, Harmu Chowk, Ranchi, Jharkhand - 834002
Tel: 0651-2410002, 2410007; E-mail: ro.ranchi-mef@gov.in

निसिल सं0 FP/JH/min/38798/2019/717 दिनांक 25.11.2022

सेवा में,

श्री चरणजीत सिंह,
वैज्ञानिक 'डी' (FC Division)
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज,
जोरबाग रोड, नई दिल्ली–110003

विषयः पकरी–बरवाडीह कोल माईन नॉर्थ ईस्ट प्रोजेक्ट, मेसर्स नेशल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड जिला हजारीबाग स्थित का स्थल निरीक्षण एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राँची द्वारा किए जाने के संबंध में।

सन्दर्भः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 8–56/2009–एफ.सी-(vol) दिनांक 07/07/2022

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत श्रीमान् के संदर्भित पत्र के आलोक में परियोजना से संबंधित वांछित स्थल निरीक्षण किया जाकर तैयार प्रतिवेदन को मार्गदर्शिका के पारा 1–21-(III) के आलोक में विभागाध्यक्ष के अनुमोदनोपरांत क्षेत्रीय सशक्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करा उनकी संस्तुति के साथ संलग्न प्रेषित की जा रही है।

संलग्नः यथा उक्त

भवदीय

25/11/22

(शशि शंकर)
सहायक वन महानिरीक्षक
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राँची

804570/2022/RO-ECZ

Site Inspection Report for Pakri-Barwadih Coal Block of M/s NTPC.

An application for diversion of 331.198 Ha of Forest land in Barkagaon Range of Hazaribagh West Forest Division is under consideration as proposal no. FP/JH/Min/38798/2019. This proposal is for coal-mining by M/s NTPC within its lease area of 4695 Ha. A Forest area of 1026.438 Ha within the lease has already been diverted (Proposal No. FP/JH/Min/693/2009; Stage-II vide letter dated 17/9/2010) and mining is happening there since 2016.

The extant case is proposed North-West extension of the existing quarry.

According to the FC Rules, the Integrated Regional Office, Ranchi was requested by ministry to vide its letters dated 23/2/2022 & 7/7/2022 to inspect the lease area, proposed diversion area & CA area involved in the proposal. Ministry also asked IRO Ranchi to assess the status of compliance of conditions stipulated in the approval dated 17/9/2010, granted towards the area of 1026.438 Ha in light of para 1.21 (iii) of the FCA Handbook.

Accordingly, the team of IRO Ranchi, comprising its AIG, visited the site on 28/10/2022.

During the site inspection among others following representatives of state Forest Department and project proponents were present along with the visiting team: -

1. Shri R.N. Mishra, DFO Hazaribagh West
2. Shri Shailendra Kumar, IFS, Hazaribagh West
3. Shri Satyam Srivastava, Head of Project, NTPC
4. Shri Birendra Kumar, AGM (Environment), NTPC

The site inspection was preceded by an on-site presentation made by NTPC officials to give on overview of the extant fresh proposal and the status of S-II compliance towards already diverted 1026.438 Ha forest area.

FC Proposal No. FP/JH/Min/38798/2019 for diversion of 331.198 Ha forest area towards Pakri-Barwadih (North-West) Coal Mining Project: -

In this fresh proposal for diversion of 331.198 Ha, the proposed forest-area is located in the North-Western side of the already diverted area (1026.438 Ha; S-II vide letter dated 17/9/2010, as depicted in the following imagery: -

It is seen that the proposed forest area is contiguous to the already diverted area. The area has fairly good vegetative density and undulating terrain. The forest officials present there apprised that occasional movement of elephant herds too is reported in the area.

The proposed area (331.198 ha; FP/JH/Min/38798/2019) is separated from the existing mines (1026.438 Ha area; FP/JH/MIN/693/2009) by a

tributary of the Khora Nala which constitutes the western boundary of the lease area (as depicted below).

The total lease hold of the North-West Project is 485.16 Ha which includes 113.56 Ha of tenancy land, 19.71 Ha of GM Land and 351.189 Ha Forest land which includes 20.692 Ha already diverted forest land 9from 1026.438 Ha) apart from the applied 331.198 Ha forest land.



The total coal bearing area is 471.06 Ha which has mineable reserve of 138.96 MT. with a production capacity of 3 MTPA, the total project life is planned for 52 years.

The project proponent has emphasized that the 15 mtr. safety zone at the boundary of proposed and existing area has been incorporated in the mining plan and therefore 33.18 MT of mineral reserve shall be kept as Barrier & Batter. The trapezoid form of the earth below the undisturbed surface accounts for such staggering occluded minable mineral resource – about 30% of total. Upon further enquiry on the matter, the representatives of user agency apprised that this trapped mineral shall be mined in 2[nd] phase of project – some 40 years later.

User agency, in attempt to capitalize the discussion, tried to justify the violation of condition No. 8 imposed in final approval of 1026 Ha area.

The condition No. 8 of the final approval dated 17/09/2010 for 1026.438 Ha (adjacent forest area, to same user agency) demanded, *"User agency will take up programme for at least 50m greenbelt along the sides of the Pakwa Nallah and Dumuhani Nallah from the initial years under the supervision of the State Forest Department."*

The situation of Pakwa Nallah & Dumuhani Nalla (Khora Nalla too) is shown in the imagery below.

User agency tried to explain that since Dumuhani Nalla was running almost through the middle of the project area, leaving 50m belts on both sides of it would have resulted in unviable mining operation as massive reserve would have left unutilized. Therefore, they resorted to mining there too.

The inspecting team of IRO asked the project proponent that if such massive was the implication why appropriate representation in time was not made by user agency considering the fact that conditions under S-II were issued in 2010 whereas actual mining started six years later in 2016.

Situation portray least botheration of user agency towards the compliance of conditions mentioned in final approval of Forest clearance while implementing the project.

Further project proponent apprised that Dumuhani nalla was to be diverted as per the approved mine plan (Chapter 5.2.11) of CWPRS Pune. Even then U/A gave consent to develop greenbelt around it for sake of processing hurried Forest clearances. (Stage-I issued on 11/5/2010, S-II on 17/9/2010).

They also informed that user agency has procured required permission to divert the Nallah from water Resource Department, Govt. of Jharkhand vide letter dated 19.3.2013. State Forest Department officials were asked to clarify whether or not the water Resources department is empowered to accord such permission in forest area or not; the officials responded in negative.

In such a scenario it is evident that user agency's prime concern was revenue generation only with least care towards the compliance of conditions by which the very approval of mining in the area was conveyed.

The drainage system of Dumuhani Nalla prior to mining operation commencement (in 2015) and post mining operation (2019) are shown in the below two satellite imageries.

From the two satellite imagers it is quite clear that the mining operation has destroyed the very region from where the Dumuhani Nalla was rising/originating. Since the source region itself is completely dug out, the nalla course now receivers almost no water in itself.

The following photo shows the amount of water in Nalla at Point 'A' at the time of visit.

Therefore, it becomes hence clear that user agency has not complied with the condition no. 8 of final FC approval.

Further condition No. 9 demands that coal evacuation should be done through high speed conveyor of 20 m width. During site inspection it was found that coal is being transported through conveyor partially, coal was seen being transported by road too. This apparently tantamount to partial violation of condition no. 9.

User agency has done considerable compliance related to soil, moisture and water conservation in the area including other conditions imposed in the final approval of 1026.438Ha.

Site inspection to proposed CA (DFL) area:-

The proposed CA in Degraded Forest Land (DFL) for the extant proposal is proposed over 665.237Ha of Degraded Forest land in Barkatha Forest Range, Hazaribagh (West) Forest Division. During the visit to the proposed CA DFL area, the following officials/representative were present:

- Sh. Shailendra Kumar, IFS, Hazaribagh (West) Forest Division
- Sh. Kamalesh Singh, Range Officer of Barhi/Barkatta.
- Sh. Rajendra Kumar, SBO.
- Sh. Deb Chand Mahto Kumar, SBO.
- Sh. Pavan V. Khandwe, Addl. General Manager (Mining), PB, NTPC Ltd.
- Sh. Birendra Kumar, Addl. General Manager (Envt. Mgmt.) PB, NTPC Ltd.

The CA DFL area is constituted/identified in 7 patches spread across 8 villages. Most of the area was found suitable for raising compensatory afforestation. Few patches were found to have considerable amount of vegetation and the forest officials and the representatives of user agencies were asked to deduct the dense areas from the net workable extents. Considering the huge spatial extent of the patches, it may be difficult to completely replace the patches, hence gross area and net area consideration was asked for incorporation. Absence of existing boundary pillars, kuccha/pakka encroachments and less staff in position were few ubiquitous impediments observed which officials ensured to take care off.

The entire proposed CA (DFL) is situated in 8 villages, the details provided in the following table:

Name	Area in ha.	Observation (During Site Visit)
Patch 1	36.459	-
Patch 2	126.282	-
Patch 3	119.112	-
Patch 4	92.011	Encroachment small (village) has been observed
Patch 5	39.856	-
Patch 6	68.433	-

Patch 7	183.082	Encroachment (small village at Pandanatanr & Brick kiln at Bero) has been observed.

Assessment of Violation in context with para 1.21 of FC Handbook:-

Since the user agency has violated the condition No. 8 of final FC approval for approved 1026.438 Ha forest land in the lease, the para 1.21 (III) is applicable to assess the violation.

Further, as the violation has been done by way of mining in the otherwise greenbelt, the situation of *fait-accompli* has been created and hence now user agency can not comply with the condition anyways.

This fait-accompli situation is the result of user agency's urge to extract more mineral & hence revenue generation.

As per condition no. 8, user agency was supposed to maintain greenbelt of 50 meters width on the both sides of the stream (Nalla). Considering the total length of the Nalla, 12KM (12000 meters) within the lease area, and average width of 30 meters, the user agency was supposed to establish & maintain greenery (and not mining) in 12000X130= 1560000 m^2 or 156 Ha area.

Considering the Angle of Repose (AoR) of a relaxed 45^0, and average depth of mining as 300meters;



-: Representative diagram showing the cross-sectional view:-

Considering a more relaxed AOR of 45°; and Average stream bed width = 30mtr

Cross-sectional Area = $\frac{130+730}{2} \times 300$

$= 129000\ m^2$

A Total Earth of 129000 m^2 X12000m = 1548 million m^3 would have left undistributed throughout the course of Dumuhani Nalla within the lease (as depicted in the symbolic diagram below).



Considering a minimal 10% of total earth as useful mineral, the volume of Coal would be 154.8 million m^3.

Therefore, considering the specific gravity of 1.8 for these coal, the total amount of Coal mined by violating the FC Condition is 278MT.

Hence, for mining this staggering amount of mineral the user agency has violated the condition of FC and the area involved in violation is 156 Ha.

Also, by mining in the otherwise postulated green area, the user agency has saved itself upon the cost of Afforestation too which was expected on the violated land.

Therefore, in assessment of the quantum of violation, the following points are considered (in accordance to the ministry's guideline dated 1/8/2017): -

1. Penal NPV: - 2 times of the Normal NPV as per para 1.21(iii) of the FC Guidelines Handbook.
2. Loss of Eco-system services that the green belt would have provided: - Equal to the NPV.
3. The greenbelt along the Nalla would have served as a good Habitat for avian fauna and other several biodiversity. Therefore, 50% of NPV is accounted for Habitat Destruction as per the guideline dated 1/8/2017.
4. Compensatory afforestation and soil moisture conservation cost that the user agency should have borne as per the laid condition. Since afforestation was to be done in linear patches, considering the increased fencing the rate of Afforestation is considered as Rs 5 Lakh per Ha.

Therefore, the Penalty assessed for the Fait-accompli violation is:

156 X (3.5 times NPV+ Afforestation cost)

=156 X (3.5X1357110+500000) Eco class-III, Density=.8

=Rs 818982060/-.

804570/2022/RO-ECZ

Recommendations of IRO Ranchi:

The extant case was discussed in the REC meeting in light of the violation done by the user agency in the adjacent/contiguous area of the same mining lease.

REC members took serious note of the apathetic attitude of project proponent towards the conditions on which the very Forest Clearance was accorded towards the mining in forests.

Therefore, REC unequivocally recommended that the extant proposal of project proponent in the same lease area should only be considered after the penalty of Rs 818982060/- (Rupees Eighty One Crore Eighty Nine Lakh Eighty Two Thousand and Sixty only) is realized from user agency for violating the FC conditions and creating fait-accompli situation at the site against the guidelines of Hon'ble Supreme Court of India also.

25/11/22

Shashi Shankar

AIGF, IRO Ranchi.

Santosh Tewari

Dy. DGF, IRO Ranchi.

अंतरिम जाँच प्रतिवेदन (अनुलग्नक 01 D)

सेवा में

वन संरक्षक,हज़ारीबाग

विषय- आपका पत्रांक 1892 दिनांक 29/11/2024 के आलोक में जांच रिपोर्ट समर्पित करने के संबंध में।

संदर्भ- मंटु सोनी उर्फ शनि कांत,ग्राम+पोस्ट - बड़कागांव, जिला-हज़ारीबाग का परिवाद वाद पत्र दिनांक 14/10/2024

पत्र संख्या I.P.P.D. दिनांक 01/03/2025 हजारीबाग (झारखंड)

महाशय

उपयुक्त विषयक प्रासंगिक पत्र में परिवादी मंटु सोनी उर्फ शनि कांत,ग्राम+पोस्ट - बड़कागांव, जिला-हज़ारीबाग का परिवाद वाद पत्र दिनांक 14/10/2024 में यह आरोप लगाया गया था कि झारखंड राज्य के हज़ारीबाग जिले के बड़कागांव में एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के आधार पर माननीय सुप्रीम कोर्ट से शर्तों में छूट/संशोधन का आदेश लेकर तथा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) हेतु दिनांक 27/29 अक्टूबर 2020 को जारी OFFICE MEMORENDAM का दुरुपयोग/गलत व्याख्या कर FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 का उल्लंघन कर सड़क मार्ग से जंगल/आम।सड़क के रास्ते से बाणादाग रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन किया जा रहा है। जबकि FOREST CLEARANCE के शर्त में वन्य जीवों के सुगम आवागमन हेतु कन्वेयर सिस्टम से कोयला परिवहन किए जाने का शर्त लगाया गया था। इसके बावजूद एनटीपीसी द्वारा कंवेयर सिस्टम और सड़क मार्ग दोनों से कोयला परिवहन किया जा रहा है। जिसके कारण सबसे ज्यादा वन्य जीव प्रभावित हो रहे है ,उनके आवागमन प्रभावित हो रहे हैं और वन्य जीव भटक कर मानवीय आबादी में घुस जा रहे हैं और मानव जीवन के जान माल,कृषि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उपरोक्त तथ्य पर परिवादी मंटु सोनी ने दिनांक 12 अगस्त 2024 को पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, हज़ारीबाग को शिकायत किया था। जिसका स्क्रीन शॉट भी आवेदन के साथ लगाया गया है । साथ ही परिवादी मंटु सोनी उर्फ शनि कांत के शिकायत पर भारत सरकार के सहायक वन महानिरीक्षक श्री सुनीत भारद्वाज द्वारा दिनांक 08/09/2024 को हस्ताक्षरित पत्र दिनांक 10/09/2024 को प्रधान सचिव(वन) रांची को क़ानून के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया था। जिसकी एक प्रति प्रधान मुख्य वन संरक्षक,रांची,नोडल अधिकारी रांची वन विभाग को भी दी गई थी।

जांच टीम परिवादी मंटु सोनी उर्फ शनि कांत द्वारा उपरोक्त शिकायत एवं संलग्न साक्ष्यों का विवरण,तथ्य और अन्य सबूतों का अवलोकन किया। जिसमें यह बात सामने आई है कि एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना द्वारा FOREST CLEARANCE स्टेज 2 F.No 8-56/2009-FC के शर्त संख्या 9 में प्रयोक्ता एजेंसी को हाथियों एवं अन्य वन्य जीवो के सुगम आवागमन के लिए बाणादाग रेलवे साइडिंग तक कंवेयर सिस्टम से कोयला ले जाना था। लेकिन एनटीपीसी विभिन्न कारणों का हवाला देकर ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) के शर्त में संशोधन करते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सिविल अपील संख्या 6249/2021 में दिनांक 29/01/2024 के आदेश में एनटीपीसी को दिनांक 31.12.2024 तक कंवेयर CHP के साथ साइडिंग RLS कंप्लीट करने का अंतिम मौका दिया था। परन्तु एनटीपीसी ने उपरोक्त तिथि के बाद RLS के रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण और सिग्नलिंग के अधूरे काम को पूरा करने के नाम पर पुनः माननीय सुप्रीम कोर्ट नही जाकर ENVIRONMENT CLEARANCE (EC) 19/05/2009 के शर्त संख्या 2 A (ix) जिसमें ये "Environmental laboratory shall be established with adequate number and type of pollution monitoring and analysis equipment in consultation with the State Pollution Control Board." कहा गया है,के आधार पर ENVIRONMENT CLEARANCE (EAC) से संशोधन प्राप्त सड़क मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कर रहा

Checked by
15/3/2025
Asstt. Conservator of Forest
Hazaribag West Forest Division

अ.व.स.-ह.
27/02/2025

27/02/2025

